वर्ष 10 अंक 211
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
10 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 सीआरपीएफ ने पाकिस्तान के साथ तनाव के मद्देनजर तबादले, प्रशिक्षण...
06 भारत-पाक तनाव : वैश्विक प्रतिक्रियाएँ और भारतीय दृष्टिकोण
11 कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में दीपिका







## राजनाथ ने सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की।

यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी।

बताया जा रहा है कि सुरक्षा संबंधी बदलते हालात से जुड़े हर पहलू पर बैठक में चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर एवं कुछ अन्य स्थानों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान द्वारा मिसाइल एवं ड्रोन से हमला किए जाने के प्रयासों को विफल कर दिया।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की



अध्यक्षता की।''

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को विफल किए जाने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ''अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।''

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन एवं मिसाइलों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया तथा दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया।

पाकिस्तान ने 24 घंटे से कम समय पहले भी भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की इसी तरह की कोशिश की थी।

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार दोपहर को बताया था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइल और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों के 15 शहरों में स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया।

उसने बताया था कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात को अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया।

रक्षा मंत्री सिंह ने पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के व्यापक संघर्ष का रूप अख्तियार करने की आशंकाओं के बीच बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत की संप्रभुता की रक्षा में कोई भी सीमा बाधा नहीं बनेगी और राष्ट्र ऐसी प्रतिक्रियाओं के लिए पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए।

## सिन्हा ने पाकिस्तानी गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उरी सेक्टर का दौरा किया

**श्रीनगर,** (भाषा) जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि उरी में लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सिन्हा ने बारामूला में संवाददाताओं से कहा, ''हमले की कोशिशें की गईं लेकिन सुरक्षा बलों का मनोबल बहुत ऊंचा है और वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।''

सिन्हा ने कहा कि अतिरिक्त सुरक्षा बंकरों की आवश्यकता है, जिनका निर्माण आने वाले दिनों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''घायलों का इलाज किया जा रहा है। मैं उन्हें देखने गया था और सभी की हालत स्थिर है तथा उन्हें जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।''

इससे पहले, उपराज्यपाल ने



उरी में सैनिकों से बातचीत की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र को आप पर सदैव गर्व रहा है। जब भी राष्ट्र को किसी समस्या का सामना करना पड़ा है, आपने सर्वोच्च बलिदान दिया है।''

सिन्हा ने पिछली तीन रातों में नागरिक क्षेत्रों में पाकिस्तानी गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उरी सेक्टर के गांवों का भी दौरा किया।

उन्होंने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उरी के लगमा और गिंगल के सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलाबारी से नागरिक क्षेत्र और घरों को हुए नुकसान का आकलन किया। मैंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।''

उपराज्यपाल ने गिंगल के निवासियों से बातचीत की, जहां सीमा पार से रातभर भारी गोलाबारी हुई।

सिन्हा ने कहा, ''उरी के गिंगल में अपने दौरे के दौरान मैंने वहां के नागरिकों से बातचीत की। उरी के लगमा गांव का दौरा किया और पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी से हुए नुकसान का जायजा लिया। पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है।''




## हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रबंध कड़े किए गए; परिचालन सामान्य

नयी दिल्ली, (भाषा) हवाई अड्डों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी उड़ान के निर्धारित प्रस्थान से काफी पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने सभी उड़ानों के लिए 'सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेकिंग' अनिवार्य कर दी है, हवाई अड्डों के टर्मिनल भवनों में आगंतुकों पर प्रतिबंध लगा दिया है और समग्र रूप से सुरक्षा बढ़ा दी है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ



है। हालांकि, हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और सुरक्षा उपाय बढ़ाने के कारण कुछ उड़ानों का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है।''

'डायल' राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है, जो देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। एयरलाइन अधिकारियों ने कहा कि उड़ान परिचालन सामान्य है। सभी एयरलाइन ने हवाई अड्डों पर जांच और अन्य सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के मद्देनजर यात्रियों से घरेलू उड़ानों के प्रस्थान से तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने को कहा है।

'डायल' ने यात्रियों को सभी हैंड और चेक-इन बैगेज नियमों का पालन करने और सुचारू सुविधा के लिए सुरक्षा व एयरलाइन कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की सलाह दी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 27 हवाईअड्डे बंद हैं। सशस्त्र बलों ने पिछले महीने हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। पहलगाम हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई थी।

विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मौजूदा स्थिति के कारण श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट से आने-जाने वाली सभी उड़ानें 10 मई 2025 तक 23:59 बजे तक रद्द कर दी गई हैं।''

## पाकिस्तानी सैनिकों ने एलओसी के निकट गोलाबारी की, महिला की मौत

**श्रीनगर,** (भाषा) जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलेबारी में एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमले का समुचित तरीके से जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बृहस्पतिवार रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने उरी के सिलिकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल समेत कई इलाकों को निशाना बनाया।

अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलेबारी से कई घरों को नुकसान पहुंचा और लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब मोहरा के पास एक परिवार के तीन सदस्य गोलेबारी से बचने की कोशिश कर रहे थे तो उनकी कार पर एक गोला गिरने से वे घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नरगिस बेगम नामक एक महिला की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने शुक्रवार को भी उरी सेक्टर की टुरना चौकी, गौहालन और चोटाली पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

उन्होंने कहा, ''उरी के चोटाली, टुरना चौकी और गौहालन इलाकों में संघर्ष विराम उल्लंघन किया गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के भारतीय चौकियों और नागरिक इलाकों पर भारी गोलीबारी की।''

## बीएसएफ ने जम्मू में पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, सात आतंकवादियों को ढेर किया

**नयी दिल्ली/जम्मू,** (भाषा) सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है।

सांबा जिले में बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे सुरक्षा बलों का आतंकवादियों से आमना सामना हुआ था, जब निगरानी करने वाले बीएसएफ के जवानों ने आतंकवादियों के एक ''बड़े समूह'' को देखा था।

बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तान रेंजर्स की ढांढर चौकी का समर्थन था, जिनकी गोलीबारी की आड़ में आतंकवादी घुसपैठ करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर




दिया, कम से कम सात आतंकवादियों को मार गिराया और ढांढर चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया।

अधिकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई में और भी आतंकवादियों के मारे जाने की संभावना है।

बीएसएफ ने उक्त चौकी के एक बंकर पर गोलीबारी और उसके 'ध्वस्त' होने की एक 'थर्मल इमेजर क्लिप' भी साझा की, जहां रेंजर्स की भारी मशीन गन रखी हुई थी।

पहलगाम में 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद दोनों देशों के बीच मौजूदा शत्रुता के मद्देनजर बीएसएफ 'हाई अलर्ट' पर है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में है विजन, दृढ़ता और ऊर्जा : अजय बंगा


### राजधानी लखनऊ में हुए भव्य स्वागत से अभिभूत दिखे विश्व बैंक के अध्यक्ष कहा, यूपी में है मेरा ससुराल, यहां आकर लग रहा जैसे घर आया गया हूं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा ने प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर और सीएम के विजन और ऊर्जा की सराहना की

**लखनऊ,** । वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। लखनऊ में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा कि ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्जा है।विकसित भारत का आधार बनेगा विकसित यूपीअजय बंगा ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी ही विकसित भारत का आधार बनेगा। बंगा ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के






विजन, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को सराहते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।बंगा ने की कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी की प्रशंसाविश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए एक आदर्श स्थान बनाया है। छोटे किसान यूपी का असली सोना हैंविश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का सोना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्नत खेती के जरिए ही वे समृद्धि हासिल कर सकते हैं। बंगा ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूपी के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया ।यूपी में पर्यटन क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएंबंगा ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, जो इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिला सकती हैं। बंगा ने यूपी के खानपान और स्थानीय शिल्प की वैश्विक मांग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हैं। इनके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है ।मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई सेक्टर यूपी का भविष्यविश्व बैंक अध्यक्ष ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश की क्षमता को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि माइक्रो, स्मॉल, और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में यूपी एक बड़ा है। बंगा ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए योगी सरकार द्वारा बनाए गए अनुकूल माहौल की सराहना की और कहा कि यह निवेशकों के लिए राज्य को आकर्षक बनाता है। स्किल डेवलपमेंट पर योगी आदित्यनाथ का है फोसक अजय बंगा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के विभिन्न प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट पर सरकार के फोकस को युवाओं के लिए गेम-चेंजर बताया। बंगा ने रेडिमेड मील फॉर मदर योजना की तारीफ की, जिसे उन्होंने मातृ स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय कदम बताया। इसके अलावा, उन्होंने हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सुधारों को भी सराहा। बंगा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पास स्पष्ट विजन और इसे लागू करने का दृढ़ संकल्प है ।अजय बंगा के साथ वर्ल्ड बैंक के उपाध्यक्ष आगस्ते तानो कौमे, कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) जॉन और मार्क मौजूद रहे। वहीं सरकार की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी का यूपी में स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारों की गूँज

## राष्ट्र प्रथम है, हम सब राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

## 'राष्ट्र प्रथम-राष्ट्र के समर्थन में एक अभियान' के तहत विश्वविद्यालय में निकाली गई तिरंगा रैली

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में ₹राष्ट्र प्रथम-A Campaign in Support of Nation First₹ के तहत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में आज दिनांक 09 मई 2025 को राष्ट्र और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली आयोजित की गई. रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन से की गई. रैली उपरांत विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया. रैली में विश्वविद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारे लगाए.

रैली उपरान्त आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के लोग अपने राष्ट्र के सम्मान के प्रति पहले से ही सचेत हैं. पिछले दिनों राष्ट्र को चोट पहुंचाने वाली शक्तियों को भारतीय सेना के जवानों ने अपनी अद्भुत क्षमता और साहस का परिचय देते हुए उन्हें करारा जवाब दिया है. सेना के जवान देश की रक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रहे हैं.

आज हम उनके सम्मान और देश के सम्मान में इकठ्ठा हुए हैं. हमारी यह चेतना और जागरूकता ही राष्ट्र की शक्ति है. हमें देश की सेवा और सम्मान में सबसे आगे रहकर कार्य करना है. जब तक हम जैसे सचेत और राष्ट्र प्रेमी नागरिक अपने देश के साथ खड़े हैं तब तक हमारे देश पर कोई भी बुरी ताकत उंगली नहीं उठा सकती है. हम सब सदैव संगठित रहेंगे और देश के लिए हमेशा खड़े रहेंगे. हमारा डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय परिवार 'राष्ट्र प्रथम अभियान' के समर्थन में खड़ा है. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र की रक्षा के लिए जो बीड़ा उठाया है हम उनके साथ हैं और भारत सरकार के हर कदम और अभियान के साथ हैं.




### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये देश-भक्ति गीत, एनसीसी कैडेट्स ने 'हम सब भारतीय हैं' की प्रस्तुति दी

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'ओ देश मेरे, तेरी शान पे सदके-कोई धन है क्या, तेरी धूल से बढ़के' गीत की संगीतमयी प्रस्तुति दी. विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं' की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डी. के. नेमा, कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेन्द्र यादव, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. राकेश सोनी, प्रो. अनिल जैन, प्रो. आर के गंगेले, डॉ. बी. के. साठे, प्रो. अस्मिता गजभिये, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. बी. के श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी डॉ. एस. पी. गादेवार, उपकुलसचिव सतीश कुमार, डॉ. रजनीश, डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. सुमन पटेल सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# भारत के चीन एवं पाकिस्तान युद्ध के कुछ संस्करण

## 1962 में चीन ने भारत पर युद्ध किया और बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया, भारत इसके लिए न तैयार था और नइसकी कल्पना की थी

1965 में जब पाकिस्तान से युद्ध हुआ श्री लाल बहादुर शास्त्री ने बहुत कुशल नेतृत्व किया और भारत को जीत दिलवाई

1971 मैं पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ, भारत की जीत हुई और बांग्लादेश बना पाकिस्तान का विभाजन हो गया मुझे उस समय की स्थितियों का स्मरण है, जब सायरन बजता था, सभी लोगों को छिपने का संदेश होता था , रात्रि में भी ब्लैकआउट होता था खिड़कियों के शीशे पर भी काला कपड़ा या कागज लगाकर अंधेरा करना अनिवार्य था

बहुत सी जगह बड़े बड़े गड्ढे खोदे गए थे, कि यदि आवश्यकता पड़े तो उसमें चले जाए, मुझे कर्फ्यूके दिन भी याद है कई दिनो तक घर के अन्दर बन्द रहना पड़ता जब कुछ घण्टो के लिए कर्फ्यू खुलता तो आवश्यक सामान खरीदने के लिए घर से बन्द बाहर निकलते थे तो काफी भीड हो जाती थी



1965 में दिनभर एरोप्लेन उडने की जोरदार गूंज सुनाई देती थी, वैसे देश भक्ति का बहुत उत्साह रहता था लेकिन कहीं भी बम ना गिर जाए इसकी आशंका बनी रहती थी

लेकिन आज का माहौल बिल्कुल अलग है ना भय है, ना चिंता है, भारत का नेतृत्व अति कुशल हाथ में है और देशवासियों की सुरक्षा ,स्वाभिमान के लिए हर संभव प्रयास के लिए कृत्य संकलिप्त हैं भारत की विजय निश्चित है और जिन लोगों ने पिछले 75 वर्षों से देश के अहित में कार्य करते रहे हैं, देश को चुपचाप खोखला करने में लगे रहे हैं, उनको भी सदैव के लिए रोक दिया जाएगा ऐसी मेरी धारणा है जय हिंद

**डा. गिरीश सी गुप्ता सह-संस्थापक सेवा प्रमुख**
**रैस्पेक्ट ऐज इण्टरनेशनल अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति**

## संक्षिप्त समाचार

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि



इंसा मक्खन लाल जी (भूतपूर्व सरपंच) S/O सुगन्याराम वैरवा
प्रार्थना स्थल: ग्राम/पोस्ट- कमालपुरा
तहसील- टोडभीम
जिला-करौली (राजस्थान)
शोकाकुल परिवार
पुत्र- रामअवतार जी, मान सिंह बैरवा एवं समस्त मीनरोत परिवार
स्वर्गवास दिनांक: 7 मई 2025, बुधवार
तीये की बैठक- 9 मई 2025 (शुक्रवार)



विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके 5, कालीदास मार्ग आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

### गाड़ियों में फैंसी नंबर लेने में पटना सबसे आगे,शिवहर ,अरवल पीछे




**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार) ।राज्य में बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं,जो अपनी गाड़ियों में मनपसंद(फैंसी)नंबर लगवाने का शौक रखते हैं ।इसके लिए वे अतिरिक्त पैसे भी खर्च करते हैं ।कुछ लोग तो इन नंबरों को लेने के लिए बोली लगाकर मुंह मांगी कीमत चुकाने को भी अमादा रहते हैं ।फैंसी नंबर लेने में राजधानी पटना के लोग सबसे आगे हैं ।जबकि,शिवहर एवं अरवल में ऐसे लोगों की संख्या काफी कम है ।परिवहन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक,1अप्रैल 2024 से 31मार्च 2025 के बीच पटना जिले में 5 हजार 709 लोगों ने अपने वाहनों के लिए फैंसी नंबर प्लेट लिया है ।इसके लिए इन्होंने सरकार को 9 करोड़ 47 लाख 97 हजार रुपये शुल्क के तौर पर दिया है ।प्रदेश भर में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 यानी बीते वितीय वर्ष में 14 हजार 721वाहन मालिकों ने फैंसी नंबर प्लेट लिए,जिससे 23 करोड़ 91लाख रुपये की आय विभाग को हुई ।विभाग की ओर से शुरू की गई ऑनलाइन फैंसी नंबर प्लेट लेने की व्यवस्था को आमजन की तरफ से काफी सराहा जा रहा है ।परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने फैंसी नंबर प्लेट सुविधा पर कहा कि मौजूदा समय में आमजनों की आरामदायक परिवहन सुविधा से लेकर उनकी सुरक्षा और पसंद-नापसंद का भी ख्याल रखा जा रहा है।

# जीएसटी की बैठक में अधिकाधिक पंजीयन बढ़ाने व रिटर्न समय से दाखिल हेतु किया प्रेरित



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

बदायूँ। पुरानी चुंगी स्थित राज्य कर विभाग, बदायूं में अपर आयुक्त, ग्रेड-02 (वि०अनु०शा०) बरेली आशीष निरंजन द्वारा व्यापारियों व अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उसका निराकरण भी कराया गया। अधिकाधिक पंजीयन बढ़ाने हेतु व रिटर्न समय से दाखिल करने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) के० के० गुप्ता, संयुक्त आयुक्त (वि०अनु०शा०) बरेली नीलम रानी, उपायुक्त विजय सोनी, डॉ० संजीव पाठक, रवि कुमार तथा सहायक आयुक्त दिव्य प्रकाश सिसौदिया, आकांक्षा पाण्डेय, चन्द्रशेखर सिंह बदायूं उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र ढींगरा जी, जिला महामंत्री जवाहर रस्तोगी जी , जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता जी, जिला अध्यक्ष युवा सागर अरोड़ा जी, जिला संयोजक अरविंद गुप्ता जी एवं अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# ईमानदारी से काम करने वाली हमारी सरकार ने जनता के सामने रखा है अपना रिपोर्ट कार्ड: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़) ।ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रख सकती है ।हमने ये काम किया है ।हमारी पारदर्शी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके बीच पहुंच रही है ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले की ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए यह बातें कही ।श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन आज 10 वें जिले में आप सभी के बीच आया हूं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का पता चल सके ।इस दौरान मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की



लागत से ग्राम पंचायत मड़ेली में 132 केवी सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार तथा 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) 43 कि.मी. सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे निर्माण को पूर्ण कराए जाने की बड़ी घोषणा की ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की ।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले है ।इस दौरान हम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं ।श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने सभी से वादा किया था कि सरकार बनते ही मुख्यमंत्री का पहला काम होगा कि वे सभी गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पक्का छत मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में 18 लाख गरीब परिवारों के आवास को स्वीकृति दी थी और लगातार अब भी आवास देने का काम कर रहे हैं ।श्री साय ने कहा कि आगामी 13 तारीख को केंद्रीय पंचायत मंत्री की मौजूदगी में 3.5 लाख आवास गरीब परिवारों को और मिलने वाले हैं ।उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस की सर्वे तिथि को भी बढ़ा दिया गया है और आवास की पात्रता नियमों को भी शिथिल कर दिया गया है ।उन्होंने सभी से आवास प्लस प्लस सर्वे में शामिल होने का आग्रह किया ।श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान के बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने प्रदेशवासियों और वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं ।श्री साय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने को कहा ।समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अन्य उपकरण और सामग्रियां वितरित किए।

# एईएस की चपेट में आए छह बच्चे

**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली। जिले में एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) का कहर शुरू हो गया है। जिला अस्पताल में हुई जांच में एईएस के चपेट में छह बच्चे मिले हैं। जिले में अब तक एईएस के नौ मरीज मिल चुके हैं। आठ बच्चों समेत डायरिया व बुखार से ग्रसित 23 रोगियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांवों में सर्वे में बुखार से ग्रसित मिले 310 से अधिक लोगों को सीएचसी पहुंचकर इलाज कराने की सलाह दी गई। उधर, प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मरीजों के घर पहुंचकर एंटी लॉर्वा का छिड़काव किया। मरीज के घर के लोगों के साथ ही आसपास के लोगों की जांच की गई।

जिला अस्पताल की प्रयोगशाला की जांच में लालगंज के पूरे नारंग सिंह निवासी श्रद्धा (8), बेलाभेला क्षेत्र के बंदरामऊ निवासी प्रतीक (5), बछरावां के कूटी चौराहा निवासी महिला (3), जतुआटप्पा क्षेत्र के देदौर निवासी नितिया गौतम (5), बेलाभेला क्षेत्र के रुस्तमपुर निवासी ऋषभ (4), फिरोजाबाद खीरों निवासी आराध्या (5) एईएस से संक्रमित मिले।

इन बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद जांच की गई। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद मलेरिया निरीक्षक मो. आतिफ की टीम ने मरीजों के घर पहुंचकर जांच की। दवा के छिड़काव के साथ ही लोगों को मच्छरों से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सभी मरीज स्वस्थ हैं।

### एईएस के लक्षण और कारण

जिला अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि एईएस के कम गंभीर रोगियों में बुखार व सिर में दर्द की शिकायत होती है। वहीं गंभीर स्थिति वाले रोगी मानसिक रूप से विक्षिप्त, चमकी का दौरा पड़ना, अपने आसपास की वस्तुस्थिति का ज्ञान न होना आदि लक्षण हैं। यह बीमारी मस्तिष्क में बैक्टीरिया के संक्रमण से होती है। इसका फैलाव मच्छरों से मुख्य रूप से होता है।

### रोग से बचाव

जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले बर्तनों व खाद्य पदार्थों की साझेदारी से बचें। बच्चों को मच्छरों से दूर रखने वाली क्रीम लगाएं। स्प्रे का इस्तेमाल करें। बच्चों के सिर में सूजन, उल्टी, लगातार रोना, हमेशा सोते रहना, भूख न लगना, चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले चिकित्सक की सलाह लें।

**" मौसम में बदलाव के कारण एईएस का संक्रमण बढ़ रहा है। इसके लिए पूरी तैयारी है। सभी सीएचसी अधीक्षकों को अलर्ट किया गया है। एईएस के छह मरीज मिले हैं। सभी स्वस्थ हैं। सभी मरीज और उनके घर के लोग स्वस्थ हैं। लोग एहतियात बरतें।**

**- डॉ. नवीनचंद्रा, सीएमओ**

# पासपोर्ट वीजा बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी और धमकी, एसपी से शिकायत

गोण्डा। जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र में वीजा और पासपोर्ट बनवाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी और धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित फैयाज पुत्र रसूल, निवासी तकिया, बरबटपुर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी रशिद पुत्र अज्ञात निवासी मोहम्मदपुर, हलधरमऊ के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की मांग की है।

फैयाज ने बताया कि वह दुबई में नौकरी करते हैं। रशिद के साथ वीजा और पासपोर्ट बनवाने को लेकर बात हुई थी। फैयाज ने 2024 में रशिद का वीजा बनवाया, जिसका खर्च 1,90,000 रुपये उन्होंने स्वयं वहन किया। रशिद ने वादा किया था कि वीजा और पासपोर्ट मिलने पर वह पैसे लौटा देगा। हालांकि, वीजा और पासपोर्ट मिलने के बाद रशिद ने दुबई जाने से इनकार कर दिया और पैसे मांगने पर फैयाज को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी और कहा कि उसके पास फैयाज के घर की आपत्तिजनक वीडियो है,जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और पैसा नहीं देगा।

फैयाज ने बताया कि उन्होंने रशिद को ऑनलाइन माध्यम से 80,000 रुपये भी दिए, लेकिन रशिद ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। स्थानीय थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद फैयाज ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्री महालक्ष्मी जन आशीर्वद यात्रा का मांड्या, मैसूर तांडवपुरा मे भव्य स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस**

मैसूरः 9 मई विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन देश के करोडो अग्रवालो का प्रतिनिधित्व करती है। स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्ण भारत मे अग्रोहाधाम -हरियाणा से अखंड ज्योति प्रज्वलित कर अग्रवाल संप्रदाय के एकोकरण और जन आशीर्वाद हेतु कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी की यात्रा दक्षिण भारत के आंध्र, तेलांगना, कर्नाटक, तमिलनाड़, पुददुचेरी केरल तथा गोवा प्रवास हेतु विशाखापटनम से राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग द्वारा प्रारंभ की गईं। यात्रा संस्था के मंत्री चांदमल अग्रवाल के नेतृत्व मे रिवाडी के महावीर प्रशाद गोयल, करनाल के नरेश बंसल, संस्था के अधिकारी विजय शर्मा तथा पंडित विकास शर्मा आदि का सहचार्य और व्यवस्था मे भ्रमण कर रही है। विभिन्न नगरों मे भ्रमण करते यात्रा ने 7 मई को मांड्या मे प्रवेश किया नरेश कुमार :बिन्दु" के आवाहन पर देवेन्द्र गुप्ता तथा मांड्यानिवासी अग्रवाल समाज ने राममंदिर मे यात्रा का भव्य स्वागत किया और दर्शन आरती तथा पूजा की।



Mandya Ram mandir



Aayi Mata Mandir -KRS Road Mysore



Tandia Granite



Arun Bagaria



Mandi-5mukhi Ganapati



Dr SK Mittal JL Puram

मांड्या से यात्रा का मैसूर आगमन हुआ जिसका अग्रवाल समाज मैसूर (प) तथा अग्रवाल सभा मैसूर ने सर्व प्रथम सिरवी समाज ट्रस्ट के आर एस रोड मे श्री आई माता मंदिर प्रांगण मे जन सभा और माँ महा लक्ष्मी की आगवानी, पूजा, आरती भेंट, न्योछावर की। अतिथियों की निवास की व्यवस्था इंदिरा सुडट तथा भोजन व्यवस्था रसोई मेजिक, अग्रवाल भोजनालय, आनंद विहार आदि संस्था से जुड़े संस्थानों ने की। 8 मई प्रातः यात्रा का जे पी नगर निवासी धर्म प्रेमियों द्वारा प्लाईवुड प्लाज़ा के प्रांगण मे श्री ब्रजमोहन बंसल, बाबूलाल मित्तल आदि के नेतृत्व मे यशस्वी कार्यक्रम रखा गया। मध्यान मे तांडया गेनाइट संघ के आवाहन पर यात्रा को श्री धनराज अग्रवाल की आविष्कार तांडया ले जाया गया जहां सभी ग्रेनाइट उददयोगपतियों परिवारों सहित माँ के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। विशेष उपसतिथि अनिलमित्तल, गोपीरामगुप्ता , दीपक केडीया बाबूलाल मित्तल गौरव अग्रवाल प्रमोद खेमका आदि की रही साँयकाल विभिन्न निवासों पर दर्शन देते हुए यात्रा मैसूर के प्रसिद्ध पंचमुखी गणेश मंदिर पहुंची जहां पटाखों, आतिशबाजी के साथ श्रद्धालुओं ने आरती की।

आज, 9 मई प्रातः अध्यक्ष डा श्रीकृष्ण मित्तल के निवास पर विदाई कार्यक्रम के पश्चात यात्रा कोयंबटोर अग्रसर हुई। सभी स्थलों पर यात्रा संयोजक चांदमल जी ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, यात्रा के उद्देश् बताते पे महालक्ष्मी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु अग्रोहा का निमंत्रण दिया। नरेश बंसल ने अग्रोहा के विकास और कुछ दिन पूर्व प्रधान मंत्री श्री नारेंदेर मोदी द्वारा उद्घाटन हुए महाराज अग्रसेन हवाई अड्डे, महाराज अग्रसेंन मेडिकल कालेज आदि की जानकारी दी।

अग्रवाल समाज और अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों यानि सभा अध्यक्ष प्रवीण गोयल, उपाध्यक्षअरुण बगड़िया, सचिव विजय कुमार, सुनील कुमार, आश्विन कुमार, जीतू तथा समाज के उपाध्यक्ष पवन केडिया, सचिव पंकज आर्य, खजांची अमिताभ सॉथालिया, सह सचिव महेश सिंघल, सुनील मोदी आदि को यात्रा स्वागत समिति, अग्रवाल समाज मैसूर अध्यक्ष डा श्रीकृष्ण मित्तल ने बधाई और धन्यवाद देते हुए यात्रा के महत्व तथा पधारे अतिथियों का अग्रवाल परिवारों को संगठित करने के अथक प्रयास की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सीआरपीएफ ने पाकिस्तान के साथ तनाव के मद्देनजर तबादले, प्रशिक्षण स्थगित किए



नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के मद्देनजर सभी स्थानांतरण और नियुक्ति आदेशों को स्थगित कर दिया है तथा अपने कर्मियों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी स्थगित कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अर्धसैनिक बल ने अपनी दो दर्जन से अधिक कंपनियों को, जिनमें लगभग 2,400 कर्मी हैं, बीएसएफ और सेना के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजने का निर्देश दिया है।

सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बल के मुख्यालय ने आदेश दिया है कि देश के पश्चिमी और उत्तरी मोर्चे पर उभरती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सभी स्थानांतरण और नियुक्ति आदेशों को स्थगित रखा जाए तथा अधिकारी और कार्मिक अपनी तैनाती के स्थान पर उपस्थित रहें।

उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ ने जवानों के लिए आयोजित किए जाने वाले कई निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी जून तक स्थगित कर दिया है और अधिकारियों ने निर्देश जारी किए हैं कि जवानों को किसी भी संभावित आपात स्थिति के लिए तैनाती स्थल पर ही "रोका" जाए तथा अनावश्यक यात्रा से बचा जाए।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले ही सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसे बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी से सभी छुट्टियां रद्द करने और पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य हमले में वृद्धि के मद्देनजर सैनिकों की "अधिकतम" उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

सीआरपीएफ के महानिदेशक (डीजी) जी.पी. सिंह सहित बल के शीर्ष अधिकारियों के भी जम्मू कश्मीर का दौरा करने की उम्मीद है, जो बल के तीन मुख्य युद्ध क्षेत्रों में से एक है। महानिदेशक सिंह वर्तमान में लगभग 20 दिनों से छत्तीसगढ़ में डेरा डाले हुए हैं।

इसके अभियान के दो अन्य क्षेत्र हैं - वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित राज्यों में नक्सल रोधी तथा पूर्वोत्तर में उग्रवाद विरोधी अभियान।

अधिकारियों के अनुसार, सीआरपीएफ के महानिदेशक 21 अप्रैल से तेलंगाना की सीमा पर चलाए जा रहे सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान की निगरानी के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हैं। उन्होंने कहा, "डीजी के जल्द ही जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने और बल के अभियानों तथा तैनाती की समीक्षा करने की उम्मीद है। उनके सेना कमांडरों और पुलिस एवं प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से भी मिलने की उम्मीद है।"

जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ की लगभग 65 बटालियन हैं, जिनमें लगभग 65,000-66,000 कर्मी हैं, जो आतंकवाद विरोधी कार्यों और स्थानीय पुलिस को कानून-व्यवस्था में सहायता प्रदान करते हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसे अन्य बलों के प्रमुख पहले ही जम्मू-कश्मीर का दौरा कर चुके हैं।

पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी।

## भारत-पाक संघर्ष: एक 'ट्रांसपोर्टर' संगठन ने की मध्यप्रदेश के 7.50 लाख ट्रक सेना को सौंपने की पेशकश

इंदौर (मप्र), नौ मई (भाषा) भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच ''ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस'' नामक एक ट्रांसपोर्टर संगठन ने शुक्रवार को पेशकश की कि अगर सरकार चाहे, तो यह संगठन मध्यप्रदेश में पंजीकृत करीब 7.50 लाख ट्रक भारतीय सेना को निःशुल्क सौंपने को तैयार है।

''ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस'' की राज्य इकाई के प्रमुख सी एल मुकाती ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संगठन की इस पेशकश के बारे में औपचारिक पत्र भी लिखा है।

मुकाती ने कहा, ''भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर ने हमें गर्व से भर दिया है। इस नाजुक घड़ी में देश की सेवा के लिए हम राज्य में पंजीकृत छोटे-बड़े 7.50 लाख ट्रक सेना को निःशुल्क सौंपने को तैयार हैं। सेना के शौर्य के कारण ही हम सुरक्षित हैं।''

# ब्रिटेन में भारतीय दूत ने पाकिस्तान से तनाव कम करने के लिए 'रास्ता बदलने' का आह्वान किया



लंदन, (भाषा) ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि पिछले महीने पहलगाम में आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया ''सटीक, लक्षित'' थी और पूरी तरह से आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित थी, लेकिन पाकिस्तान ने तय किया है कि वह संकट खत्म करने के लिए टकराव टालने के बजाय मामले को बढ़ाना जारी रखेगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भारत का रुख प्रस्तुत करने के लिए बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के कई मीडिया संस्थानों ने दोरईस्वामी का साक्षात्कार लिया। उन्होंने 'स्काई न्यूज' से कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को टकराव टालने का कोई विकल्प देकर हस्तक्षेप कर सकता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए आतंकवादियों के लिए जनाजे की नमाज में अमेरिका द्वारा घोषित आतंकवादी अब्दुर रऊफ के शामिल होने की एक तस्वीर भी सीधे प्रसारण के दौरान दिखाई, जिसे नयी दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री द्वारा भी एक मीडिया बयान के दौरान दिखाया गया था।

दोरईस्वामी ने कहा, ''हर कोई जानता है कि पिछले 30 वर्षों से पाकिस्तान ने इसका (आतंकवाद का) इस्तेमाल भारत के खिलाफ 'सब-क्रिटिकल' (गंभीर श्रेणी से थोड़ी कम तीव्रता के) युद्ध के रूप में किया है।''

'सब-क्रिटिकल' युद्ध से तात्पर्य ऐसे सशस्त्र संघर्षों से है जो पारंपरिक युद्ध की सीमा से थोड़ा नीचे होते हैं, जिनमें उग्रवाद, छद्म युद्ध और आतंकवाद जैसी रणनीतियां शामिल होती हैं। उन्होंने कहा, ''यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय वास्तव में इस पर गौर करना चाहता है और इसके बारे में चिंता करना चाहता है, तो इसका सरल समाधान यह है कि पाकिस्तान को बताया जाए कि उसके पास एक अवसर है। ये वे चीजें हैं, जिन्हें दुनिया को 30 साल पहले पाकिस्तान को करने के लिए मजबूर करना चाहिए था, और उन्हें इस बुनियादी ढांचे को हटाने के अपने वादों को लागू करने के लिए मजबूर करना चाहिए था। उसने ऐसा नहीं किया है।''

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को क्षेत्र में संघर्ष के और बढ़ने का डर है, राजदूत ने कहा कि ''वास्तविक वृद्धि'' पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम में नागरिकों पर हमला करने और गोलीबारी के कारण हुई।

# दिल्ली के व्यक्ति से 36.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में दो साइबर ठग गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के एक युवक से आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 36.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान प्रशांत जांगिड़ (25) और प्रद्युम्न सिंह चौहान (26) के रूप में हुई है, जो राजस्थान के जयपुर के निवासी हैं और दोनों को गहन जांच के बाद पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली में पालम गांव के रहने वाले सैमुअल थॉमस ने नवंबर 2023 में साइबर पुलिस से शिकायत की थी कि उनके साथ एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम के जरिए 36.48 लाख रुपये की ठगी की गई है।

थॉमस ने पुलिस को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में शामिल किया गया था, जिसमें एक व्यक्ति शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का दावा कर रहा था और 0 एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रचार कर रहा था।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद थॉमस को कई ट्रेडिंग एप्लीकेशन डाउनलोड करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस ने बताया कि शुरुआत में उसे थोड़ी-थोड़ी रकम निकालने की अनुमति दी गई, जिससे उसका भरोसा बढ़ा। लेकिन जब उसने बड़ी रकम निकालनी चाही तो वह नहीं निकाल पाया।

इस दौरान थॉमस कुल 36.48 लाख रुपये अलग-अलग लेन-देन के ज़रिए ट्रांसफर कर चुका था।

पुलिस ने बताया कि थॉमस की शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने विस्तृत जांच शुरू की, जिसके बाद सबसे पहले पंजाब के मोहाली के खरड़ कस्बे में छापेमारी की गई, जहां चार मई को जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया और चौहान को अगले दिन उत्तर प्रदेश के आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन स्मार्टफोन, दो सिम कार्ड और कुछ डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल इस ठगी में किया गया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## एक करोड़ रुपये से अधिक की 'चोरी' करने के आरोप में घरेलू सहायक और उसका साथी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) शालीमार बाग इलाके में एक व्यवसायी के घर से एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी करने के आरोप में 21 वर्षीय एक घरेलू सहायक को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मूल रूप से बिहार का रहने वाला अनिल कुमार उर्फ करण (21) और दीपक कुमार (26) जल्दी पैसा कमाने के लिए अपराध की दुनिया में चले गए थे।

व्यवसायी संजय अग्रवाल ने छह मई को बताया कि उनका नया घरेलू सहायक अनिल, उनके शालीमार बाग स्थित आवास से 1.25 करोड़ रुपये नकद लेकर लापता हो गया है।

शालीमार बाग थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# आईटीओ में पीडब्ल्यूडी की इमारत पर सायरन का परीक्षण किया गया, दिल्ली में और सायरन लगेंगे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में कई बहुमंजिला इमारतों पर हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन लगाए जाएंगे।

नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने शुक्रवार को अपराह्न में आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी की बहुमंजिला इमारत की छत पर लगे सायरन का परीक्षण किया।



उन्होंने कहा, ''शुक्रवार रात से बहुमंजिला और ऊंची इमारतों की छतों पर 40 से 50 सायरन लगाए जाएंगे। आपात स्थिति में इनका इस्तेमाल किया जाएगा। उनके नियंत्रण के लिए एक कमान केंद्र होगा और उन्हें पांच मिनट के लिए बजाया जाएगा। हम 'ब्लैकआउट' की स्थिति में उनका इस्तेमाल कर सकेंगे। ये सायरन एनडीएमए के अधीन होंगे। हम पूरी दिल्ली को कवर करेंगे।''

वर्मा ने कहा कि शुक्रवार को जिस सायरन का परीक्षण किया गया, उसकी आवाज आठ किलोमीटर के दायरे में सुनी जा सकती है।

सायरन के परीक्षण के समय लोगों को जानकारी दी जा रही थी कि अगर सायरन बजते हैं, तो लोगों को मेजों के नीचे या बेसमेंट में शरण लेनी चाहिए।

अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को केवल परीक्षण के लिए और किसी अप्रिय घटना की स्थिति में सभी को तैयार रहने के लिए सायरन बजाया गया है।

यह परीक्षण पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और मिसाइल हमलों तथा गोलेबारी के बीच किया गया। बाईस अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

बयान में कहा गया है कि आम जनता को इस परीक्षण अभ्यास के दौरान शांत रहना है और घबराने की जरूरत नहीं है।

# 'गॉड सेंट टैक्स' ने भारत को एकजुट किया :'गब्बर सिंह टैक्स' वाले तंज पर हिमंत ने कहा



गुवाहाटी, (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को जीएसटी व्यवस्था को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की देन और देश की सुरक्षा और क्षमता का वित्तपोषण करने वाला बताया तथा इसे 'गॉड-सेंट टैक्स' करार दिया।

शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जीएसटी का पूरा नाम 'गब्बर सिंह टैक्स' बताए जाने को भी खारिज कर दिया।

मुख्यमंत्री ने देश में कई ठिकानों पर हमला करने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की भी सराहना की।

शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 प्रणाली यूं ही नहीं दिखते - वे हमारे करदाताओं की ताकत के बूते बने हैं।'' उन्होंने फ्रांसीसी लड़ाकू विमान और वायु रक्षा प्रणाली का जिक्र किया, जिसका इस्तेमाल भारत ने पाकिस्तान के साथ जारी सैन्य संघर्ष में किया है।

उन्होंने कांग्रेस द्वारा कर व्यवस्था की आलोचना करने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ''यही कारण है कि जीएसटी कभी 'गब्बर सिंह टैक्स' नहीं था, बल्कि यह 'गॉड-सेंट टैक्स' है जो भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और क्षमता का वित्तपोषण करता है।''

राहुल गांधी ने कई मौकों पर जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' करार देते हुए आरोप लगाया है कि यह व्यवसायों के लिए कठोर है।

एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने भारतीय ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों और इसे विफल करने में भारतीय सशस्त्र बलों की सफलता का एक ग्राफिक साझा किया।

# बढ़ती मांग के बाद उत्तर रेलवे ने जम्मू, उधमपुर से दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन चलाईं



जम्मू, (भाषा) उत्तर रेलवे ने बढ़ती मांग को देखते हुए शुक्रवार को जम्मू और उधमपुर से नयी दिल्ली के लिए तीन विशेष ट्रेन शुरू की।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने कहा, ''12 अनारक्षित और 12 आरक्षित डिब्बों वाली एक विशेष ट्रेन पूर्वाह्न करीब 10.45 बजे जम्मू से नयी दिल्ली के लिए रवाना हुई। दूसरी, 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन अपराह्न 12:45 बजे उधमपुर से जम्मू और पठानकोट होते हुए नयी दिल्ली के लिए रवाना हुई।''

उन्होंने कहा, ''22 कोच वाली तीसरी विशेष आरक्षित ट्रेन, शाम करीब सात बजे जम्मू से नयी दिल्ली के लिए निर्धारित की गई है।''

अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों के करीब रहने वाले कई लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं, जिसके कारण ट्रेनों की मांग बढ़ गई है।

उपाध्याय ने कहा, ''जम्मू, अंबाला, नयी दिल्ली जैसे विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष लगातार स्थितियों की निगरानी कर रहे हैं। हम आरक्षण पैटर्न और स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही पर भी नजर रख रहे हैं, जिसके बाद हम विशेष ट्रेन शुरू करने का फ़ैसला कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमने पहले ही पर्याप्त व्यवस्था कर ली है और हमारे पास आरक्षित ट्रेन हैं, जिन्हें ज़रूरत पड़ने पर तुरंत चला सकते हैं।''

# वर्ष 2020 में जन्मे आधे लोगों को जलवायु की प्रतिकूल स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है: अध्ययन

नयी दिल्ली, (भाषा) यदि वैश्विक तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित भी रही, तो भी 2020 में पैदा हुए आधे से अधिक बच्चों को अभूतपूर्व रूप से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है, जबकि 1960 में पैदा हुए बच्चों में यह आंकड़ा 16 प्रतिशत था। एक नये अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

दुनियाभर में जनसांख्यिकीय आंकड़े और जलवायु की प्रतिकूल स्थिति के अनुमानों का विश्लेषण करते हुए, शोधकर्ताओं ने 1960 और 2020 के बीच पैदा हुई प्रत्येक पीढ़ी के उस हिस्से की गणना की जो अपने जीवनकाल में भीषण गर्मी का सामना कर सकते हैं।

अध्ययन से जुड़ी टीम ने कहा कि व्यक्ति जितना युवा होगा, उसे उतनी ही अधिक प्रतिकूल जलवायु स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें लू, नदी में बाढ़ और सूखा शामिल हैं और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बच्चों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा।



इस अध्ययन के निष्कर्ष 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित हुए।

बेल्जियम के व्रीजे यूनिवर्सिटी ब्रुसेल्स के जलवायु वैज्ञानिक ल्यूक ग्रांट इस रिपोर्ट के प्रमुख लेखक हैं।

अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, ''1.5 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर, 2020 में पैदा हुए 52 प्रतिशत लोगों को अपने जीवन में अभूतपूर्व रूप से लू का सामना करना पड़ेगा।''

ग्रांट ने कहा कि इसके अलावा, 3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि के परिदृश्य में, ''90 प्रतिशत से अधिक लोगों को जीवनभर इस तरह के खतरे को झेलना पड़ेगा।''

लेखक ने कहा, ''अन्य जलवायु प्रतिकूल स्थितियों की जांच-पड़ताल के लिए भी यही तस्वीर उभर कर सामने आई है।''

# मुंबई आतंकी हमला: तहव्वुर राणा को छह जून तक तिहाड़ भेजा गया



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 26/11 के मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को शुक्रवार को छह जून तक तिहाड़ जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राणा की न्यायिक हिरासत अवधि खत्म होने से एक दिन पहले उसे विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा को चार अप्रैल को अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज करने के बाद भारत लाया गया था।

अदालत ने 11 अप्रैल को उसे 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया था।

अदालत ने 28 अप्रैल को राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ा दी थी, क्योंकि एजेंसी ने अदालत को बताया था कि राणा भारत के लिए लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रमुख हाफिज सईद की मौजूदा और भविष्य की आतंकी योजनाओं के बारे में खुलासा कर सकता है।

एजेंसी ने कहा कि वह राणा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उससे ₹नियतर₹ तरीके से पूछताछ कर रही है। हालांकि राणा ने दावा किया था कि उससे प्रतिदिन 20 घंटे पूछताछ की जा रही है।

एनआईए ने राणा की ओर से असहयोग किये जाने का दावा करते हुए उसकी हिरासत मांगी थी।

अदालत ने 30 अप्रैल को एजेंसी को राणा की आवाज और लिखावट के नमूने एकत्र करने की अनुमति दी।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# केंद्रीय समिति 50 से अधिक पेड़ों की कटाई की निगरानी करेगी: दिल्ली उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिकृत केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) राजधानी में 50 या इससे अधिक पेड़ों को काटने या प्रतिरोपण करने की अनुमति की निगरानी करेगी।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुरूप होगी।

अदालत ने यह आदेश दिल्ली सरकार की उस याचिका पर पारित किया, जिसमें पेड़ों की कटाई के लिए दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा दी गई अनुमति को विनियमित करने संबंधी उच्च न्यायालय के निर्देशों में संशोधन का अनुरोध किया गया है।

अदालत ने कहा, ''चूंकि सीईसी को उच्चतम न्यायालय द्वारा 19 दिसंबर, 2024 और आठ अप्रैल, 2025 के आदेश के अनुसार 50 पेड़ों और इससे अधिक के लिए विभाग द्वारा दी गई अनुमति की निगरानी करने के लिए अधिकृत किया गया है, इसलिए इस अदालत को इसकी निगरानी करने की आवश्यकता नहीं है।'

अदालत ने कहा, ''दिनांक 31.08.2023, 14.09.2023 और 09.08.2024 के आदेशों को इस सीमा तक निरस्त/संशोधित किया जाता है कि 50 या इससे अधिक पेड़ों को काटने के लिए दी गई अनुमति की निगरानी अब उच्चतम न्यायालय के आदेश/निर्देशों के अनुसार सीईसी द्वारा की जाएगी।''


अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि जहां तक 50 पेड़ों तक की अनुमति का सवाल है, यह अंतरिम आदेशों के अनुरूप तब तक जारी रहेगी जब तक कि मानक संचालन प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दे दिया जाता और अधिकारियों द्वारा इसे लागू नहीं कर दिया जाता।

न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि अधिकारी बड़े पैमाने पर वनों की कटाई को रोकने में विफल रहे, लेकिन न्यायालय द्वारा पेड़ों की सुरक्षा के लिए निर्देश जारी किए गए - जो बढ़ते प्रदूषण स्तर और बढ़ते तापमान से दिल्ली की सुरक्षा करने का एकमात्र उपाय है।

पेड़ों की कटाई के अनुरोध पर आदेश पारित करने के निर्देशों का पालन करने में अधिकारियों की विफलता पर अवमानना याचिका पर अपने अंतरिम आदेशों में, उच्च न्यायालय ने पेड़ों की कटाई की अनुमति पर रोक लगा दी थी और उन्हें अपनी मंजूरी के अधीन कर दिया था।

अदालत ने कहा कि यदि पेड़ों को काटने या इन्हें किसी अन्य स्थान पर प्रतिरोपण किये जाने के लिए अनुमति की आवश्यकता हो तो सबसे पहले उसे इसकी सूचना दी जानी चाहिए।

पर्यावरणविद एम.सी. मेहता द्वारा 1985 में दायर जनहित याचिका पर 19 दिसंबर, 2024 को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि 50 या इससे अधिक पेड़ों को काटने के किसी भी अनुरोध को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति मंजूरी देगी।



# जिला कांग्रेस कमेटी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रहरियों का किया सम्मान



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली जिला कांग्रेस कमेटी बरेली की ओर से आज चौपला रोड स्थित रोटरी भवन पर एक सम्मान समारोह हुआ जिसमें कलम के सिपाहियों का पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी , महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट , निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ,पूर्व महापौर प्रत्याशी प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने शाल, स्मृति चिन्ह डायरी, कलाम देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व महापौर प्रत्याशी ,प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने किया । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि आज के समय में मीडिया का उल्लेखनीय योगदान है ।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा समाज को सही रास्ता दिखाने में मीडिया कर्मियों के संघर्ष को कोई भुला नहीं सकता

पूर्व महापौर प्रत्याशी, प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने कहा की युद्ध के माहौल में भी मीडिया के साथी जिस दिलेरी हौसले के साथ अपना कर्तव्य निभा रहे हैं उसको हम सभी सलाम करते हैं कोटि-कोटि प्रणाम करते ।

उपस्थित कांग्रेस जनों मे निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा ,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इलियास अंसारी ,जिया उर रहमान ,राजन उपाध्याय ,रमेश श्रीवास्तव, अयाज खान, नजमी खान जोया ,कमरुद्दीन सैफी ,मोबिन कुरैशी ,कलीम अख्तर, तबरेज खान, गुड्डू खान, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# प्रभारी मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## स्वास्थ्य सेवाओं दुरूस्त रखने के दिये निर्देश, राजस्व वादों का ससमय निस्तारण व जन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता बनाये रखने के दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी



बरेली सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जे0पी0एस0 राठौर ने आज सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के राजस्व/विकास, निर्माण कार्यो के सम्बंध में समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और उसे दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये। पीएचसी/सीएचसी पर भी समस्त चिकित्सीय सुविधायें बनाये रखने और यदि स्वास्थ्य कर्मियों को किसी प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो वह भी प्रदान किये जाने के निर्देश दिये।मुख्यमंत्री जी द्वारा 300 बेडड अस्पताल में सुपर स्पेशियल्टी अस्पताल बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निदेर्शों के संबंध में भी जानकारी ली, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

प्रभारी मंत्री द्वारा राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन बढ़ाया जाये और जितनों का बकाया है उन्हे नोटिस जारी करते हुए उसके सापेक्ष कितने प्रतिशत भुगतान हुआ, तदनुरूप अग्रिम कार्यवाही करें। राजस्व वादों का समय से निस्तारण किये जाने के भी निर्देश दिये गये। प्रभारी मंत्री द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मार्च माह में शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में 26वीं रैंक थी, अप्रैल माह में 17वीं रैंक जनपद को प्राप्त हुई है जिसमें और सुधार किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। निर्देश दिये गये कि जिन कारणों से नम्बर कट रहे हैं उन पर फोकस करते हुए रैंकिंग में सुधार लाया जाये।

प्रभारी मंत्री ने अधिक्षण अभियंता लोनिवि को निर्देश दिये कि मुख्य मार्ग से ग्रामों को जोड़ने वाली सड़को का भी सुदृढ़ीकरण कराया जाये। अधिक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत कटौती में कमी लाने और कार्यालय व्यवस्था को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये। सेतु निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में दो सेतुओं का निर्माण कार्य चल रहा है जो कि लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी बारिश के मौसम के दृष्टिगत बाढ़ चौकियॉ बना दी गयी है, मुख्य समस्या तेज बहाव के कारण भूमि कटान की है जिस दृष्टि से भी कार्य किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना के क्रियान्वयन के संबध में प्राप्त शिकायतों को निस्तारण करने और कराये जा रहे कार्यो की फोटोग्राफ आदि कराते हुये मॉनिटरिंग किये जाने के भी निर्देश दिये गये। अवैध खनन की दिशा में भी ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये प्रभारी मंत्री ने कहा कि अवैध खनन करने वाले वाहन अनियंत्रित गति से चलते हैं जिससे दुर्घटनाओं की भी सम्भावना बनी रहती है, इसलिये इन पर नियंत्रण जरूरी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के क्रय में अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर निर्देश दिये गये कि लोगों से आवेदन प्राप्त करते हुये उनकी भली प्रकार जॉच करायी जाये। प्रभारी मंत्री ने नाथ कॉरिडोर के कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उक्त क्रम में बताया गया कि तपेश्वर नाथ मंदिर की तरफ कुछ कार्य रेलवे द्वारा कराया जाना है जिस पर निर्देश दिये गये कि रेलवे को पत्र लिखते हुय उसकी प्रति मुझे भी उपलब्ध करायें। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि इन्वेस्टर समिट में एएमयू साइन करने वाले उद्यमियां को यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका निस्तारण कराया जाये।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पशु गणना का कार्य चल रहा है तथा निराश्रित गौवंशो के संरक्षण का कार्य भी प्रगति पर है। तीन वृहद गौ संरक्षण केन्द्र निमार्णाधीन है उनके पूर्ण हो जाने पर गौवंशों हेतु और सुविधा हो जायेगी। उन्होने बताया कि यदि साल भर हरे चारे की उपलब्धता में कोई समस्या आती है तो साइलेज के लिये भी टेन्डर किया गया है। मा0 प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि आम तौर पर लोग छोटे गौवंशों और वयस्क गौवंशों को एक सामान आहार दे देते है जिससे छोटे गौवंशों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है अतः लोगो को जागरूक किया जाये कि छोटे गौवंशों को वह आहार दे जो उनके लिये सुपाच्य हो। प्रभारी मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि नगर निगम के पार्षदों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लेते हुये कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये। साफ-सफाई और सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने और समय-समय पर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष बीडीए मनिकन्डन ए, मुख्स चिकित्सा अधिकारी डा0 विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकारी कामों की टेंशन दूर कर देती है छवि मंडल की मसाले वाली नींबू की चाय

## लेमन टी वाले छवि मंडल ने जीता लोगों का दिल, मेहनत से बनाई नई पहचान

## जिला अधिकारी गेट तहसील परिसर में घूम घूम कर बेचते हैं मसाले वाली नींबू की चाय

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली।पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के गांव बिलकंदी कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय छवि मंडल ने अपनी मेहनत और लगन से बरेली में एक नई पहचान बनाई है। बेरोजगारी के कारण उन्होंने अपना गांव छोड़ा और बीते पांच वर्षों से बरेली जंक्शन के पास स्थित एक धर्मशाला में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं।

छवि मंडल बरेली में 'लेमन टी' के नाम से मशहूर हैं। नींबू, काला नमक और विशेष मसालों से तैयार उनकी चाय सर्दी हो या गर्मी–हर मौसम में लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। सुबह के समय सरकारी दफ्तरों के बाहर उनकी आवाज ₹लेमन टी... लेमन टी...₹ सुनाई देती है, और लोग बेसब्री से उनका इंतजार करते हैं। लोग न केवल इस चाय के स्वाद के कायल हैं, बल्कि इसे स्वास्थ्यवर्धक भी मानते हैं।

छवि मंडल बताते हैं कि पहले वे मुर्शिदाबाद में मजदूरी करते थे। एक दिन उनके मन में ह्यलेमन टीह्व बेचने का विचार आया। उन्होंने रेलवे स्टेशन से इसकी शुरूआत की और धीरे-धीरे ट्रेनों के रास्ते बरेली आ पहुंचे। यहां के लोगों ने उनके स्वाद को हाथों-हाथ लिया और आज उनकी चाय ने उन्हें शहर में अलग पहचान दिला दी है।

वे साल में एक या दो बार अपने गांव जाकर पत्नी मीरा मंडल और दो बच्चों से मिलते हैं। उनका बेटा और बेटी पढ़ाई कर रहे हैं और बरेली में की गई कमाई से ही पूरा परिवार चलता है।

छवि मंडल बरेली के लोगों की तारीफ करते हुए कहते हैं, ह्यह शहर बहुत ईमानदार और खूबसूरत है। मैं चाहता हूं कि मेरे बच्चे मेहनत करें, खूब पढ़ें और एक दिन सरकारी दफ्तरों में कुर्सियों पर बैठें।

जब मैं दफ्तरों में लोगों को बैठे देखता हूं, तो मन में यह उम्मीद जगती है कि मेरे बच्चे भी एक दिन ऐसा मुकाम हासिल करेंगे।

# बरेली जंक्शन अधिकृत विक्रेता रेलवे वेंडर की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

## जंक्शन पर चाय को बताया खराब, तो विक्रेता ने कर दी यात्री की पिटाई

## वीडियो वायरल होने पर अब जीआरपी ने जांच का दिया भरोसा

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। मामला बरेली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 का है, जहां बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक यात्री को चाय की गुणवत्ता पर आपत्ति जताना महंगा पड़ गया। यात्री का आरोप है कि स्टेशन पर मौजूद अधिकृत चाय विक्रेता से खरीदी गई चाय स्वाद में बेहद खराब थी और उसमें गंदगी भी मिली। जब यात्री ने शिकायत की और रेलवे अधिकारियों को सूचित करने की बात कही, तो विक्रेता ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें विक्रेता खुलेआम यात्री को पीटता नजर आ रहा है, जबकि आसपास खड़े लोग तमाशबीन बने रहे। वीडियो सामने आने के बाद जीआरपी ने जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है। यह घटना रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसर में अधिकृत विक्रेताओं की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। यात्रियों की शिकायतों को गंभीरता से न लेने की प्रवृत्ति भी उजागर हुई है। पीड़ित यात्री की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन रेलवे प्रशासन की चुप्पी से यात्रियों और सामाजिक संगठनों में रोष है।

# बदनसीब है वह घर-द्वार जो बेटियों का तिरस्कार करता है

## बेटी पैदा होने पर पति ने पत्नी को घर से निकाला, महिला बेहोशी की हालत में मिली

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। थाना प्रेम नगर क्षेत्र के झूलेलाल द्वार के पास गुरुवार को एक 31 वर्षीय महिला बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें पूछताछ में महिला ने अपना नाम प्रेम लता बताया और कहा कि वह थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव खलीलपुर की रहने वाली है। महिला ने बताया कि दो महीने पहले उसने एक बेटी को जन्म दिया था, जिसके बाद से पति दयाराम उसका उत्पीड़न करने लगा। महिला के अनुसार, पति का आरोप था कि उसने बेटे के लिए दवाई खिलाई थी, फिर भी बेटी हुई, जिससे नाराज होकर उसने मारपीट की और तीन दिन पहले घर से निकाल दिया। महिला ने मानसिक तनाव और निराशा के चलते नशा कर लिया था। डॉक्टरों का कहना है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है और उसे विशेष देखभाल की जरूरत है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का होगा आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस /सम्भल। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा राजकीय आई०टी०आई० बदायूं रोड चंदौसी के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेला दिनांक 14 मई 2025 दिन बुधवार को किया जाना है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा। जिसमें श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद प्रतिभाग कर रही हैं। कंपनी के द्वारा मशीन ऑपरेटर और असेंबली डिपार्टमेंट के लिए साक्षात्कार लेंगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल १ङ्ग१२ल्लॅ.४स्र.ङ्ग५.ल्ल पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, आईं0टी0आई (फीटर, मशीनिस्ट, टर्नर, फाउंड्री) वर्ग रहेगी।

# हमले में घायल युवक की मौत, पुलिस ने बढ़ाई हत्या की धारा

## चार नामजद आरोपी फरार, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। सिरौली क्षेत्र के दलीपपुर गांव में तीन दिन पूर्व हुए जमीन विवाद ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर किए गए जानलेवा हमले में घायल युवक सौरभ सिंह (28) की गुरुवार रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पहले दर्ज मारपीट के मुकदमे को अब हत्या की धारा में तरमीम कर दिया है और चार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें दलीपपुर निवासी गौरव सिंह और प्रकाश शर्मा के परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पीड़ित गौरव सिंह के अनुसार, पांच मई की रात प्रकाश शर्मा ने अपने सहयोगियों नीरज शर्मा, नंदकिशोर और लखन के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से उनके घर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से लैस होकर गौरव और उसके छोटे भाई सौरभ सिंह को बेरहमी से पीटा। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से हमलावर भाग निकले, लेकिन दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल सौरभ को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में गमगीन माहौल है और परिजनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शुरूआत में पुलिस सख्ती दिखाती, तो सौरभ की जान बच सकती थी। सौरभकी मौत से मां, पत्नी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की जानकारी मिलते ही सिरौली थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और शांति व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी गई। उन्होंने बताया कि सौरभ की मौत के बाद पहले दर्ज एफआईआर में हत्या की धारा (धारा 302) जोड़ी गई है। चारों नामजद आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शिव मंदिर पर राधा कृष्ण की मूर्तियों की विधि विधान से की गई प्राण प्रतिष्ठा

नेशनल एक्सप्रेस



मसवासी। नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा शिव मंदिर पर राधा कृष्ण की मूर्तियो की बिधि विधान से हवन पूजन भंडारा इत्यादि करके स्थापना की गई शिव मंदिर चाऊपुरा पर राधा कृष्ण की मन मोहन मूर्तियों की विधि विधान से ब्राह्मणों द्वारा शिव मंदिर पर स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व राधा कृष्ण की मूर्तियां की नगर में शोभायात्रा निकाली गई काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे तथा नगर में जगह- शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई मूर्ति स्थापना के पश्चात शिव मंदिर की धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर विवेक कुमार गुप्ता रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, यश गुप्ता, अंश गुप्ता, वंश गुप्ता ,उमंग चंद्रा, अनुज गुप्ता कशिश गुप्ता, अस्मिता गुप्ता, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।इससे पूर्व भी मंदिर पर भैरव की भी स्थापना की गई थी ।

# भारत अपनी धरती पर आतंकवाद के लिए शून्य सहिष्णुता रखता है: कुलपति खातून

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने भारतीय सुरक्षा बलों के साथ अपनी अटूट एकजुटता व्यक्त करते हुए ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के दौरान उनके साहसिक और पेशेवर जवाब पर गर्व प्रकट किया है। यह अभियान हमारी सेनाओं की अतुलनीय वीरता, रणनीतिक कुशलता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो असाधारण दक्षता और संकल्प के साथ भारत की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा कर रहे हैं।

एएमयू उनके साहस को सलाम करता है और राष्ट्र की रक्षा में उनके साथ दृढ़ता से खड़ा है। एएमयू ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और साथ ही पाकिस्तान द्वारा निरंतर उकसावे की कार्रवाइयों, सीमापार आतंकवाद के समर्थन और बार-बार किए जा रहे संघर्षविराम उल्लंघनों की भी भर्त्सना की है। इस प्रकार की गतिविधियाँ क्षेत्रीय शांति को खतरे में डालती हैं और यह अंतरराष्ट्रीय कानून व मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं।

भारत की निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए, एएमयू की कुलपति प्रो0 नइमा खातून ने कहा ऑपरेशन सिंदूर एक सशक्त संदेश है कि भारत अपनी धरती पर आतंकवाद के लिए शून्य सहिष्णुता रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमारी सशस्त्र सेनाओं ने दुश्मन और पूरी दुनिया को भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति की विश्वसनीयता और सैन्य क्षमताओं की ताकत दिखा दी है। भारत की संतुलित और गैर-उकसाने वाली कार्रवाई यह दशार्ती है कि भारत शांति चाहता है, परंतु वह अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और उसे सुरक्षित रखने का पूरा अधिकार भी रखता है। हम अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं। पूरा देश अपनी सेनाओं के समर्थन में एकजुट हो रहा है, और एएमयू भी राष्ट्र के साथ मजबूती के साथ खड़ा है तथा भारत की अखंडता और शांति की रक्षा के लिए अपना पूर्ण समर्थन दोहराता है।

# अब खेलों में रुपया व शोहरत दोनों: हरिसिंह ढिल्लों

## पुष्पा स्मृति इंटर कालेज मगूंपुरा में जनपदीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





अमरोहा। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पुष्पा सारस्वत स्मृति इंटर कॉलेज मंगू पुरा में जनपदीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद भर से 16 टीमों ने हिस्सा लिया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिनी स्टेडियम अमरोहा की टीम ने प्राप्त किया। प्रथम टीम को 2500 रु की नगद धन राशि प्रदान की गई। प्रथम टीम के कप्तान प्रतीक निमिया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप से चुने गए एवं द्वितीय स्थान जय ओम नगर की टीम ने हासिल किया। द्वितीय स्थान टीम को 1800 रूप की नगद धन राशी प्रदान की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद डॉ ढिल्लो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब खिलाडियों का भविष्य उज्जवल है। अब खेल में पैसा और शोहरत दोनों है। इसलिए युवा खेल को अपना लक्ष्य बनाएं इससे पूर्व विद्यालय के प्रबन्धक एवं एसोसिएशन के जिला महा सचिव बसंत सारस्वत कोषाध्यक्ष राज पाल सिंह का प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष जय गोपाल माहेश्वरी विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष धर्म खुराना संस्थापक सदस्य डॉ शीश पाल सिंह व सुरेश कुमार ने विजयी टीमों को शील्ड और नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या व गाँव में समाधान का किया आयोजन

**जिलाधिकारी ने जन चौपाल में अनुपस्थित रहे जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक ,लघु सिंचाई सहायक अभियंता का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुपस्थित होने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।**

**जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती धात्रियों की गोद भराई एवं बच्चों को कराया अन्न प्राशन**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो







सम्भल। विकासखंड असमोली के प्राथमिक विद्यालय सतुपूरा में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वस्थ्य विभाग के अन्तर्गत एएनसी,तथा आईसीडीएस के अन्तर्गत ग्राम में सैम मैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र चंदौसी भिजवाने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के अन्तर्गत आवेदन करने को लेकर भी जागरूक किया तथा बताया कि शासन द्वारा पहले विवाह के अन्तर्गत 51 हजार की राशि प्रदान की जाती थी शासन द्वारा अब उसको आगे बढाकर एक लाख रुपये किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की गतिविधि विद्यालय में रहे इसको लेकर भी निर्देशित किया। दिव्यांगजन पेंशन तथा वृद्धावस्था पेंशन के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से समस्याओं के विषय में भी जानकारी प्राप्त की,जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइपलाइन के कारण सड़कों की मरम्मत को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही सड़कों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। आईसीडीएस विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र,तथा विभाग द्वारा गर्भवती धात्री महिलाओं तथा बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती धात्रियों की गोद भराई एवं बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। जिलाधिकारी ने आभा आईडी को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गोवंश की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश की समस्या का यथा शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि तत्काल प्रभाव से ग्राम कुल का गठन करते हुए जागरूक रैली ग्राम पंचायत में निकल जाए जिससे लोग सरकारी योजनाओं के प्रति अधिक जागरूक हो सके। छात्र-छात्राओं के नामांकन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। विकासखंड अधिकारी असमोली को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम चौपाल में स्टील के गिलासों का उपयोग किया जाए। ग्राम वासियों ने खेल के मैदान की समस्या के विषय में अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कानूनगो को कार्यों में लापरवाही बरतने को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उन्होंने कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। मनरेगा के कार्यों का गलत भुगतान होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त और ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के कार्यों की जांच कराते हुए आख्या रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। जन चौपाल में अनुपस्थित रहे जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक ,लघु सिंचाई सहायक अभियंता का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुपस्थित होने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार,खंड विकास अधिकारी असमोली रिजवान हुसैन एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोर्ट गर्वी में समिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल असमौली। शुक्र वार को संभल कोर्ट गर्वी में एक बैठक का आयोजन किया गया इसमें विकास दिव्यंग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद एवं समस्त टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे इसमें विकास दिव्यंग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शमा परवीन के आवास पर बैठक की समिति के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया उसमें महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चमन चेहरा ने अपने विचार रखते हुये कहा हम महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए 13 वर्षों से लेकर कार्य करते आ रहे हैं और आज इसको देखते हुए हमने कोर्ट गर्वी में समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया है समिति के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी इसरार मलिक ने भी अपने विचार रखते हुए कहा समिति हमेशा ऐसे लोगों के लिए कार्य कर रही है जो लोग किसी भी चीज से परेशान हैं समिति उनकी हर संभव मदद को तैयार है चाहे वह सरकारी योजना के द्वारा या समिति के खुद की योजना के द्वारा इस दौरान बैठक में उपस्थित समिति के अध्यक्ष मोहम्मद चौधरी जामिन अली यूनुस बरसी इसरार मलिक गुलाम नबी अकरम दानिश दानिश मलिक शाहीन एडवोकेट चमन चेहरा राधा नुसरत शाइस्ता एडवोकेट आदि सैकड़ो लोगो उपस्थित रहे। संचालन चौधरी जामिन अली ने व अध्यक्षता आस मोहम्मद जी ने की।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मोबाइल हैल्थ टीम का किया औचक निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



चंदौसी सम्भल। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद सम्भल के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक बनियाखेड़ा में कार्यरत मोबाइल हैल्थ टीम टल्ळ1091295 का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय 11:15 बजे उक्त मोबाइल हैल्थ टीम पी॰एम॰ श्री संविलयन विद्यालय भुलावई, ब्लॉक बनियाखेड़ा में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मोबाइल हैल्थ टीम की कार्य-प्रणाली का गहनता से निरीक्षण किया गया।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विफ्स कार्यक्रम की समीक्षा हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक गुप्ता ने विफ्स रजिस्टर दिखाया जो कि माह मईह्न2025 के प्रथम सोमवार तक अद्यतन था। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन के उपरान्त आयरन की गोली खिलायी जाती है। गत सोमवार को अनुपस्थित छात्र-छात्राओं को आज मध्यान्ह भोजन के उपरान्त आयरन की गोली खिलायी गयी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के समस्त कक्षा कक्षों में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं से देश के प्रधानमन्त्री, प्रदेश के मुख्यमन्त्री एवं जिलाधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के नाम पूछे तथा मिशन सिन्दूर पर बच्चों की जानकारी का परीक्षण भी किया। आयरन की गोली खिलायी जाती है अथवा नहीं प्रश्न किये तथा छात्र-छात्राओं से गिनती, क, ख, ग,... व ए,बी,सी,डी... भी सुनी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत गत सत्र में टल्ळ1091295 द्वारा ग्राम भुलावई निवासी श्री जाहिद के पुत्र अदनान को जन्मजात बहरेपन में चिन्हित व सन्दर्भित कर बालक का उपचार सर्जरी के माध्यम से कराया गया था। उक्त बालक के अभिभावकों से भी बच्चे के उपचार पश्चात परिवर्तन व देखभाल आदि के विषय में चर्चा की। निरीक्षण के समय डी॰ई॰आई॰सी॰ प्रबन्धक मनु तेवतिया, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक गुप्ता, सहायक अध्यापक अँशु, अलका, प्रतीक तथा आर॰बी॰एस॰के॰ मोबाइल हैल्थ टीम के चिकित्सक डा॰ अरशद अली, डा॰ आस्था वार्ष्णेय व पैरामैडीकल स्टॉफ से ज्योति (नेत्र-परीक्षक), सुमन रानी (ए॰एन॰एम॰) आदि उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर क्षत्रिय समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा



नेशनल एक्सप्रेस गौरव ,महेंद्र मौर्य

चंदौसी। नगर पंचायत नरौली में वीर प्रतापी महाराणा प्रताप जी की शोभायात्रा निकाली गईं जो की बांके बिहारी मंदिर से शुरू हुई और नगर पंचायत नरौली की में मार्केट में होती हुई नेशनल हाईवे पर महाराणा प्रताप जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पण करके वापस में मार्केट में होती हुई मगर के मोहल्ले में होकर फिर बांके बिहारी मंदिर पर समापन हुआ।

इस दौरान बिट्टू ठाकुर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह सभासद. माघवेंद्र सिंह राघव अंकुर राघव राजेश राघव बिट्टू राघव शोभित राघव मोहित राघव गोपाल राघव जुग्गु भैया पूर्व सभासद सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि समाज क्षत्रिय भाइयों ने अपना योगदान दिया।

## पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से युवक ने मारी गोली

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। क्वार्सी इलाके के स्वर्ण जयंती नगर में एक प्रॉपर्टी डीलर के बेटे ने खुद को गोली मार ली, युवक का शव घर के बेडरूम में मिला, मौके पर फोरेंसिक टीम सबूत जुटाने मे लग गई। परिवार के लोगों के अनुसार वह तीन महीने से डिप्रेशन में था। पिता जय सक्सैना के 22 वर्षीय बेटा आयुष एक प्राइवेट स्कूल में म्युजिक टीचर था, मॉ नीलम सक्सैना सरकारी टीचर है। जिस वक्त उसने खुद को गोली मारी, वह घर पर अकेला था। युवक का शव बेडरूम में मिला, शव से कुछ दूरी पर रिवाल्वर पड़ी थी, कमरे के उस कोने में खून ही खून था। फोरेंसिक टीम के अनुसार गोली सिर के आरपार हो गई है। घटना की जानकारी होने के बाद परिवार के लोग इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस भी मौके पर पहुँच गई, फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

जय सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मैं और मॉ नीलम अपने-अपने काम से घर से चले गए थे। आयुष की शादी हो चुकी थी। बहू भी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है, उनके दो साल की बेटी है। घर पर आयुष और बेटी ही थे, आयुष ऊपर की मंजिल में अपने कमरे में था, बेटी कमरे में ही खेल रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे मैं घर वापस लौटकर आया। मेरी उम्र हो चुकी है, इसलिए नीचे के कमरे में ही बैठा हुआ था। अचानक ऊपर के कमरे से धमाके की आवाज आई, मैं ऊपर गया, तो दो साल की बेटी कमरे के अंदर रो रही थी। दरवाजा खटखटाया, मगर वह अंदर से बंद था, मैं घबरा गया था। मैंने अपने पड़ोसी से मदद मांगी, उनके घर जाकर खिड़की से आयुष के कमरे में झांका, मगर वह नहीं दिखा, बस मेरी पोती रो रही थी। फिर मैंने दरवाजा खुलवाने के लिए अपने प्लंबर को कॉल किया। वह 15 मिनट में आ गया, इसके बाद दरवाजा को तोड़कर हम लोग अंदर घुसे। हम लोग चौंक गए, क्योंकि जमीन पर आयुष पड़ा था, खून ही खून था।

परिवार के अनुसार रिवाल्वर पिता जय की अलमारी में रखी रहती थी, आयुष खुद अपने पिता के कमरे में गया था। अलमारी खोलकर रिवाल्वर निकाली और अपने कमरे में वापस आ गया। यहॉ करीब 2.30 बजे उसने खुद को गोली मारी, गोली सिर के करीब रखकर मारी गई, क्योंकि गोली आरपार हो गई थी। आयुष का शव पुलिस को जमीन पर पड़ा मिला।थानाध्यक्ष क्वार्सी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना के बाद परिवार से बयान लिए गए हैं, उनका कहना है कि आयुष बीमार चल रहा था। वह तीन महीने से जॉब पर भी नहीं जा रहा था, उनका मानना है कि इसी डिप्रेशन में उसने खुद को गोली मारी है। उसके शव को अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमॉर्टमगृह भेज दिया, ताकि कुछ और फैक्ट भी सामने आ सके।

## चकबन्दी प्रक्रिया की प्रगति मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जिले में चकबन्दी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी अखिलेश कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अनिल कटियार, सीओ चकबन्दी राजीव कुमार टमटा, एसीओ अरूण सारस्वत एवं अरूण शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिले में 04 ग्रामों बरहद, दहेली, पिलखना एवं साथिनी में अब तक की चकबन्दी प्रगति की समीक्षा की गई और अवशेष कार्यों की शीघ्र पूर्ति के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में चकबन्दी कार्य पूर्ण करते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाए। उन्होंने पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी ने डीडीसी को निर्देशित किया कि 15 मई तक 05 वर्ष पुराने लंबित सभी मुकदमों को निस्तारित कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने दहेली एवं बरहद में जल्द से जल्द चकबन्दी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण होने से जहां भूमि विवादों में कमी आएगी वहीं कृषकों को समुचित लाभ मिलेगा। चकबन्दी प्रक्रिया को गति देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों से नियमित फील्ड निरीक्षण एवं जन संवाद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीडीसी चकबन्दी अखिलेश कुमार ने बताया कि चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान निर्विवाद मामलों को एसीओ स्तर से एवं विवादित मामलों को सीओ स्तर से निस्तारित किया जा रहा है। बरहद में लगभग 424 हैक्टेयर वहीं दहेली में 228 हैक्टेयर में चकबन्दी का कार्य गतिमान है। उन्होंने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि 15 जून से चक काटने की कार्यवाही आरम्भ हो जाएगी।

## नए नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु पंजीकरण के लिए बनाई नई व्यवस्था

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने पब्लिक की असुविधा को देखते हुए नगर निगम में कई सालों से जन्म मृत्यु पंजीकरण की पुरानी व्यवस्था जिसमे नगर निगम के चार जोन में एक लिपिक की व्यवस्था थी, को बंद कर दिया है। पुरानी व्यवस्था में चार जोन में सिर्फ एक लिपिक होने की वजह से आवेदनों की संख्या बढ़ती थी, निस्तारण की प्रक्रिया भी धीमी रहती थी जिसके कारण पब्लिक, पार्षद व आवेदक को खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। नगर आयुक्त ने चार्ज लेते ही जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में विलंब का संज्ञान लेते हुए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त ने चार्ज संभालते ही पब्लिक जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप व्यवस्थाओं में सुधार करने की कवायद शुरू कर दी है इस कवायद में पहली कड़ी के रूप में जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को बदला गया है अब नगर निगम के हर एक जोन में एक लिपिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन का कार्य देखेगा इससे व्यवस्था में सुधार होगा समय की बचत होगी और कर्मचारियों की कार्य क्षमता में इजाफा भी होगा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कवायद को तेज किया जाएगा हर व्यवस्था की गहन समीक्षा व ग्राउंड जीरो पर आंकलन किया जा रहा है व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पब्लिक और जन्म प्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप जो भी प्रभावी कदम होंगे उठाये जाएंगे।

नगर आयुक्त ने कहा पब्लिक की सुविधा के लिए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जोन वाइज अलग-अलग पृथक विंडो है नागरिक यहां आकर अपना आवेदन करें किसी भी दलाल अथवा अन्य व्यक्ति के बहकावे में आकर उनके माध्यम से कतई आवेदन न करें। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम कार्यहित एवं प्रशासनिक हित मे जोन 1 मे कनिष्ठ लिपिक अंकुर कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स शुभम चपरासी इकरार अधि. चतुर्थ श्रेणी व अनिल आउटसोर्स की तैनाती की गयी है।

## सेना के समर्थन में अमुवि में निकली तिरंगा यात्रा, कैंपस में लगे हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। भारतीय सेना के समर्थन में शुक्रवार को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में तिरंगा यात्रा निकाली गई, हाथों में तिरंगा लेकर छात्र एकजुट हुए और डक प्वाइंट से बाब-ए-सैयद गेट तक यात्रा निकाली। छात्रों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, छात्रों ने देश के पीएम से अपील की है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाए।

छात्रों ने कहा कि एएमयू को पीएम मोदी ने मिनी इंडिया कहकर संबोधित किया था। मिनी इंडिया का हर छात्र आज भारतीय सेना के साथ है और पूरी तरह से उनका समर्थन करता है। भारतीय फौज पाकिस्तान को सबक सिखाए और ऐसा करारा जवाब दे। जिससे पाकिस्तान दुबारा देश में किसी तरह की आतंकी घटना करने की कोशिश न करे। छात्र हाथ में तिरंगा लेकर निकले और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए देश की सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कायरता पूर्ण काम करते हुए देश के निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी। महिलाओं को विधवा किया था।

लेकिन देश की सरकार ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न लांच करके देश की वीर महिला अधिकारियों को ही पाकिस्तान को जवाब देने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने भी पाकिस्तान और आतंकियों को करारा जवाब दिया है। अब पाकिस्तान बौखला रहा है और भारत पर हमले कर रहा है, जिसे लगातार असफल किया जा रहा है। युद्ध की इस विषम परिस्थिति में हर छात्र देश की सरकार और सेना के साथ है।

रिसर्च स्कॉलर इंजमामुल हक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इंजमाम ने बताया कि देश का हर नागरिक भारतीय सेना के साथ है। यूनिवर्सिटी में हिंदू, मुसलमान, समेत विभिन्न धर्मों के छात्र एक साथ पढ़ाई करते हैं। यहां कोई जाति धर्म की बंदिश नहीं है। लेकिन कुछ लोग अपने फायदे के लिए अक्सर हिंदू और मुसलमानों को लड़ाने की कोशिश करते रहते हैं।

देश के नागरिकों को यह समझना होगा कि वह किसी के बहकावे में न आएं और आपसी एकता और भाईचारा बनाकर रखें। उन्होंने कहा कि हिंदू हो या फिर मुसलमान, हर भारतीय नागरिक देश के साथ है। वह हर तरह से सेना और सरकार का सपोर्ट करेंगे।

## जुहैर खान और सबीरा हारिस मिक्स्ड टीम ट्रैप इवेंट में लेंगे भाग

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दो प्रतिभाशाली निशानेबाज, जुहैर खान और सबीरा हारिस को जर्मनी के सुहल में 19 से 27 मई तक होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। जुहैर खान, जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बी.टेक के दूसरे वर्ष के छात्र हैं, जबकि सबीरा हारिस एएमयू की कक्षा 12 की छात्रा हैं। ये दोनों मिक्स्ड टीम ट्रैप शूटिंग इवेंट में हिस्सा लेंगे। जुहैर ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रैप शूटिंग में अपने निरंतर प्रदर्शन और कई बार पदक जीतकर ख्याति अर्जित की है। वहीं सबीरा ने बहुत कम समय में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से खुद को एक उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है और शुरूआती चरण में ही राष्ट्रीय टीम में स्थान बना लिया है। इनकी चयन प्रक्रिया न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और समर्पण को दशार्ती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि एएमयू खेलों, विशेष रूप से शूटिंग में, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में कितना प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा खेल अवसंरचना, कोचिंग और समग्र छात्र विकास में किया गया निवेश अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फल दे रहा है।



एएमयू समुदाय ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और इसे विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक प्रेरणा बताया है। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दोनों निशानेबाजों का एएमयू से होना एक दुर्लभ और सराहनीय उपलब्धि है। जैसे-जैसे जुहैर और सबीरा भारत की जर्सी पहनने की तैयारी कर रहे हैं, वे अपने विश्वविद्यालय और देश की उम्मीदों और सपनों को भी साथ लेकर चल रहे हैं।

## संपादकीय


# मिट्टी में मिलाया आतंक

**वाह,** देश के जांबाज सैनिको ! क्या निशाना था, क्या लक्ष्य चिह्नित किए गए और मात्र 25 मिनट के ऑपरेशन में ही उन अड्डों, मुख्यालयों, मस्जिदों और मदरसों को मिट्टी और मलबा कर दिया गया, जहां आतंकी पनाह लेते थे। वे पाप, हिंसा और गुनाह के 'हरम' थे। पहलगाम नरसंहार में यहीं के आतंकियों ने हमारी बहू-बेटियों के 'सिंदूर' मिटा दिए थे। एक ही प्रतिघात में 35 साल पुराने प्रतिशोध भी ले लिए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया था। उनका यह कथन भी सार्थक साबित हुआ कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हमारी सेनाओं ने 6-7 मई की दरमियानी रात में 1.05 बजे से 1.30 बजे के मात्र 25 मिनट के समय में आतंकियों के 9 अड्डे मिट्टी में मिला दिए और 100 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को भी नेस्तनाबूद कर दिया। जैश के सरगना मसूद अजहर की टिप्पणी ही हमारे हमलों की आक्रामकता की पुष्टि करती है-काश ! मैं भी मर जाता, तो अच्छा होता।' ऑपरेशन में उसकी पत्नी, बेटे, बहन-बहनोई, भांजा-भांजी, भांजे की बीवी, भतीजा आदि खानदान के 10 लोगों को भी 'मिट्टी' होना पड़ा। सरगना के करीबी 4 लोग भी मारे गए। पहलगाम में आतंकियों ने भारत की बेटियों को कहा था-तुम्हें नहीं मारेंगे। जाओ और मोदी को बता दो।' मोदी को तो खुद एहसास था कि 'सिंदूर' मिटाया गया है, लिहाजा उनके आदेश पर सेनाओं ने साझा ऑपरेशन तय कर, सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, रात के अंधेरे में 24 मिसाइलें दाग कर आतंकियों के बिल बिखेर दिए, लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत और फौज को भनक तक नहीं लगी। पाकिस्तान का 'डिफेंस सिस्टम' सोया ही रहा। यह फौज किस आधार पर परमाणु हथियार के इस्तेमाल के दंभ भरती रही है ? वाह सैनिको ! तुम्हें देश का सलाम, नमन और साधुवाद ! देश के लिए यह गौरव और गर्व का दिन है। हालांकि 21 आतंकी ठिकाने चिह्नित किए गए थे। अर्थात 12 आतंकी बिल अभी शेष हैं।

हम अफसोस कर रहे हैं कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन सरीखे आतंकी सरगनाओं को जिंदा क्यों छोड़ा गया ? शायद अब वे देखेंगे कि अपनों की मौत कितनी भयावह और पीड़ादायक होती है ! बहरहाल अभी तो भारत की सेनाओं ने आतंकवाद का प्रथम चरण ही 'मिट्टी' किया है। आरंभ है प्रचंड, पाकिस्तान होगा खंड-खंड ! आतंक के बिलों में अब भी 'सपोले' जिंदा हैं। उन्हें भी कुचलना है। अभी तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया, उसका संभावित पलटवार, शेष है। पाकिस्तान ने कबूल किया है कि उसके 31 लोग मारे गए हैं, जबकि कई घायल हुए हैं। उसके पंजाब में आपातकाल घोषित किया गया है। हमने सिर्फ उन्हें मारा है, जिन्होंने हमारी बहू-बेटियों का 'सिंदूर' पोंछ दिया था। उन्हें 'सिंदूर' की कीमत और उसका महत्व क्या पता ! बहरहाल भारतीय ऑपरेशन में किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान, दफ्तर और रिहायशी इलाके या इमारत को खंडित नहीं किया गया है। यह आतंकियों पर ही लक्षित आक्रमण था। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने सभी बड़े देशों को ब्रीफ किया है कि हमला आतंकी अड्डों और हत्यारों पर किया गया। चीन और तुर्किये के बयान पाकपरस्त रहे, क्योंकि यह उनकी विवशता थी। अब यदि पाकिस्तान ने पलटवार कर हमला किया, तो पूरा पाकिस्तान हमारी सेनाओं के निशाने पर होगा। फिर युद्ध हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने स्पष्ट चेतावनी दे दी है। हमारी सेनाएं और अद्र्धसैन्य बल फिलहाल 'सुपर अलर्ट' हैं। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बहरहाल अब हमें आतंकवाद पर स्पष्ट राष्ट्रीय नीति बनानी होगी। भारत पाकिस्तान को 'आतंकी देश' और 'शत्रु देश' घोषित करे। पाकिस्तान के मारे गए फौजियों के ताबूतों पर राष्ट्रपति और सेना प्रमुख जनरल मुनीर के नाम के फूल अर्पित किए गए। ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेट कर फौजियों ने सलामी दी। आतंकियों को राजकीय सम्मान से 'अलविदा' कहा जाएगा, तो पाकिस्तान की आतंकी सोच बेनकाब होती है। इस छोटे से ऑपरेशन से पाकिस्तान की फौज को मनोवैज्ञानिक तौर पर लकवा मार सकता है, यह विशेषज्ञों का मानना है। सेनाओं ने पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर तक हमला किया, पाक की फौज को भारत की सेनाओं की क्षमता का एहसास हो जाना चाहिए।

## जीतेगा भाई जीतेगा, नया भारत जीतेगा!

# यह संघर्ष सभ्यताओं की लड़ाई है, सिर्फ सीमा विवाद नहीं!



ब्रज खंडेलवाल

> भारत को इस मौके को भुनाकर इन बंटवारे वाली ताकतों का मुकाबला करना होगा और जिहादी मानसिकता को जड़ से उखाड़ना होगा। यह युद्ध सिर्फ सीमाओं को सुरक्षित करने का नहीं, बल्कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने का है। नफरत के ढांचे—आतंकी नेटवर्क, उनके वैचारिक समर्थक, या सहानुभूति रखने वाले—को पूरी तरह नष्ट करके भारत यह स्पष्ट संदेश दे सकता है: आधुनिक दुनिया में मध्ययुगीन बर्बरता की कोई जगह नहीं।''0

भारत आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां यह सिर्फ सीमाओं की रक्षा नहीं, बल्कि अपनी सभ्यता, संस्कृति और भविष्य की लड़ाई लड़ रहा है। यह संघर्ष केवल आतंकवाद के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मध्ययुगीन मानसिकता के विरुद्ध है, जो मानवता को गुलाम बनाना चाहती है। यह जंग है—आधुनिकता बनाम बर्बरता, प्रगति बनाम पिछड़ापन, एकता बनाम टुकड़ों में बंटी सोच ! 1947 का विभाजन भारत के इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय था। लाखों लोगों की जानें गईं, करोड़ों विस्थापित हुए, और एक जहरीली विचारधारा ने जड़ें जमा लीं—वह विचारधारा जो आज भी भारत को तोड़ने का सपना देखती है। लेकिन आज, हमारे सामने वह ऐतिहासिक मौका है कि हम उन गलतियों को सुधारें और एक नए, अखंड भारत का निर्माण करें। प्रोफेसर पारस नाथ चौधरी कहते हैं, ''नई दिल्ली अब चुप नहीं रह सकती। आधे-अधूरे उपायों और तुष्टिकरण का समय खत्म हो चुका है। भारत को इस मौके को भुनाकर इन बंटवारे वाली ताकतों का मुकाबला करना होगा और जिहादी मानसिकता को जड़ से उखाड़ना होगा। यह युद्ध सिर्फ सीमाओं को सुरक्षित करने का नहीं, बल्कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने का है। नफरत के ढांचे—आतंकी नेटवर्क, उनके वैचारिक समर्थक, या सहानुभूति रखने वाले—को पूरी तरह नष्ट करके भारत यह स्पष्ट संदेश दे सकता है: आधुनिक दुनिया में मध्ययुगीन बर्बरता की कोई जगह नहीं।''

पश्चिमी सीमा पर चल रहा संघर्ष सिर्फ बंदूकों और गोलियों का नहीं, बल्कि दो विचारधाराओं का युद्ध है: एक तरफ भारत—जो विविधता में एकता, बहुलवाद, और प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। दूसरी तरफ वह सोच—जो महिलाओं को हूर समझती है, बच्चों को हथियार बनाती है, और असहमति को गुनाह मानती है। यह सोच न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी मानवता के लिए खतरा है। आज दुनिया देख रही है कि कैसे यह विचारधारा अफगानिस्तान से लेकर सीरिया तक तबाही मचा चुकी है। भारत को इसका मुकाबला करना ही होगा, नहीं तो यह हमारी आने वाली पीढ़ियों को गुलाम बना लेगी।



इतिहास गवाह है—जो सभ्यताएं नफरत और हिंसा पर टिकी होती हैं, वे अंततः ध्वस्त हो जाती हैं। मौर्य साम्राज्य, गुप्त काल, चोल साम्राज्य—भारत ने हमेशा प्रगति और शांति का मार्ग चुना है। आज फिर वही समय आया है, जब भारत को अपनी सभ्यता की रक्षा करनी है। यह संघर्ष कठिन है, लेकिन असंभव नहीं।हर सैनिक का बलिदान, हर युवा का जोश, और हर नागरिक का विश्वास मिलकर इस जंग को जीत लेगा। हम न केवल आतंकवाद को खत्म करेंगे, बल्कि उसकी जड़ों को भी जला देंगे। हमें यह याद रखना होगा—यह लड़ाई सिर्फ सेना की नहीं, हर भारतीय की है। जब तक हम साथ हैं, तब तक कोई ताकत हमें नहीं हरा सकती। यह नया भारत है—जो डटकर खड़ा होगा, लड़ेगा और जीतेगा !

एक तरीके से भारत पूरी दुनिया के लिए ये जंग लड़ रहा है। क्योंकि ये कोई साधारण संघर्ष नहीं है। यह सभ्यताओं का टकराव है, दो विचारधाराओं की लड़ाई: एक आधुनिक, उदारवादी मूल्यों वाली खुली समाज की, और दूसरी बर्बर, मध्ययुगीन, तानाशाही, बंद सोच वाली, जो पूरी दुनिया पर हावी होना और उसे गुलाम बनाना चाहती है, ऐसी सभ्यता जहां मानव मूल्यों को हूरों की गिनती से तौला जाता है।भारत, जो सभ्यता की बाधाओं को पार कर वैश्विक नेता बनने की राह पर है, उसे देश के अंदर और बाहर की प्रतिगामी ताकतों ने लंबे अरसे से बंधक बना रखा है। ये ताकतें ऐसी कट्टरता थोपना चाहती हैं, जो असहमति या अलग विचारों को बर्दाश्त नहीं करती। पश्चिमी सीमाओं पर चल रहा टकराव सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं है; यह उन regressive पीछे देखू ताकतों को खत्म करने का ऐतिहासिक मौका है।

लंबे समय से, भारत की प्रगति को उन संकीर्ण ताकतों ने रोका है, जो नफरत और बंटवारे पर पलती हैं। इनकी जड़ें 1947 के बंटवारे में हैं, जब विभाजनकारी विचारधाराओं ने उपमहाद्वीप को तोड़ा, जिसके घाव आज भी हरे हैं। जिहादी सोच, जो मध्ययुगीन मानसिकता से प्रेरित है, सह-अस्तित्व, संवाद और आपसी सम्मान के सिद्धांतों को नकारती है, जो एक आधुनिक, बहुलवादी समाज की पहचान हैं। यह न केवल भारत की संप्रभुता को चुनौती देती है, बल्कि इसके समावेशी मूल्यों को ही नष्ट करना चाहती है। यह खतरा सिर्फ भौगोलिक नहीं, बल्कि अस्तित्व का है, जो भारत के उदार लोकतंत्र की प्रगतिशील भावना को एक पुरातन सोच के खिलाफ खड़ा करता है, जो हिंसा और दमन की प्रशंसा करती है।दांव बहुत ऊंचे हैं। भारत के दुश्मन, अपनी तानाशाही सोच से प्रेरित, एक बंद समाज थोपना चाहते हैं, जहां असहमति को कुचल दिया जाए और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कट्टरता की भेंट चढ़ा दिया जाए। यह सोच भारत के संवैधानिक मूल्यों—समानता, स्वतंत्रता और विविध विश्वासों के अधिकार—के खिलाफ है। जो नफरत फैलाते हैं—चाहे आतंकवाद, प्रचार, या आंतरिक तोड़फोड़ के जरिए—वे भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों में विश्वास नहीं रखते। वे भारत की उदारता का दुरुपयोग करते हैं, इसकी विविधता को हथियार बनाकर अशांति फैलाते हैं। यह संघर्ष, भले ही कठिन हो, नई संभावनाएं खोलेगा। एक दृढ़ भारत, जो उदार मूल्यों की रक्षा में अडिग है, और मजबूत बनकर उभरेगा, इसके लोकतांत्रिक संस्थान और वैश्विक कद दोनों मजबूत होंगे। जीत न केवल तात्कालिक खतरों को खत्म करेगी, बल्कि दुनिया भर में तानाशाही विचारधाराओं की खोखली सच्चाई को उजागर करेगी।

भारत की लड़ाई उन सभी के लिए एक आह्वान है, जो खुले समाज को महत्व देते हैं। इसे पूरी दृढ़ता के साथ नफरत फैलाने वालों को खत्म करना होगा, ताकि इसका प्रगतिशील, समावेशी विश्व दृष्टि जीत सके। युद्ध कठिन हो सकता है, लेकिन दमनकारी सोच के सामने आत्मसमर्पण अकल्पनीय है। इस युद्ध की आग से तपकर भारत अखंड और मजबूत बनकर उभरेगा, अपनी सभ्यतागत नियति को पूरा करने के लिए तैयार, एक ऐसी दुनिया की ओर अग्रसर, जो नफरत से नहीं, बल्कि उम्मीद से परिभाषित हो।

## 10 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1941 द्वितीय विश्व युद्ध-नाजी नेता रुडोल्फ हेस ने स्कॉटलैंड में एक शांति मिशन पर होने का दावा किया।

1941 द्वितीय विश्व युद्ध के नाजी नेता रुडोल्फ हेस ने यूनाइटेड किंगडम के साथ शांति वार्ता करने के प्रयास में स्कॉटलैंड में पैराशूट किया।

1960 यूनाइटेड स्टेट्स नेवी न्यूक्लियर पावर्ड रेडार पिकेट पनडुब्बी यूएसएस ट्राइटन ने 10 मई, 1960 को ऑपरेशन सैंडब्लास्ट पूरा किया। यह इतिहास में दुनिया का पहला पहला जलमग्न परिक्षेत्र था।

1979 माइक्रोनेशिया के फेडरेटेड स्टेट्स ने 10 मई, 1979 को अपनी संवैधानिक सरकार का गठन किया था। 1979 से पहले यह अमेरिकी प्रशासन के तहत प्रशांत द्वीप समूह के ट्रस्ट टेरिटरी का एक हिस्सा था और 3 नवंबर, 1986 को एक स्वतंत्र राज्य बन गया।

1981 फ्रांस्वा मितरंड को फ्रांसीसी पांचवें गणराज्य का पहला समाजवादी राष्ट्रपति चुना गया।

1994 अमेरिकी धारावाहिक हत्यारे जॉन वेन गेसी को 1972 और 1978 के बीच हुई हत्याओं के आरोपों में बारह किशोर लड़कों और युवकों की हत्याओं के लिए घातक कार्रवाई द्वारा मार डाला गया था।

1994 दक्षिण अफ्रीका के पहले काले राष्ट्रपति के रूप में नेल्सन मंडेला का उद्घाटन किया गया।

1996 एक दूरसंचार और बहु-स्तरीय विपणन संगठन, एक्सेल कम्युनिकेशन, 10 मई, 1996 को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाली सबसे कम उम्र की कंपनी बन गई, जो कि प्रतीक (ईसीआई) के तहत कारोबार करती है।

1997 Maeslantkering, एक तूफान वृद्धि बाधा, 10 मई 1997 को क्वीन बीट्रिक्स द्वारा उद्घाटन किया गया था। यह पृथ्वी पर सबसे बड़ी गतिमान संरचनाओं में से एक है, जिसे जरूरत पड़ने पर स्वचालित रूप से बंद किया जा सकता है क्योंकि यह एक कंप्यूटर सिस्टम में मौसम और समुद्र स्तर के डेटा से जुड़ा होता है और सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है।

1997 ईरान के खोरासान प्रांत में 7.3 मेगावॉट का भूकंप आया, जिससे 1,567 लोग मारे गए, 2,300 से अधिक घायल हुए, 50,000 बेघर हो गए, और 15,000 से अधिक घरों में ऑर्डेस्ट्रोइंग को नुकसान पहुंचा।

2001 घाना में एक फुटबॉल मैच के दौरान भगदड़ मचने से 120 से अधिक दर्शकों की मौत।

2002 यूएस फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व एजेंट रॉबर्ट फिलिप हेंसन को 10 मई, 2002 को अमेरिकी रहस्य और हीरे बेचने के लिए बिना किसी पैरोल के जेल में उम्रकैद की 15 लगातार सजा सुनाई गई थी। वह 1979 से 2001 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ सोवियत और रूसी खुफिया सेवाओं के लिए जासूसी करता रहा था।

2002 उर्दू के मशहूर शायर कैफी आजमी का निधन।

2012 रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने 10 मई 2012 को पाकिस्तान में सभी मानवीय कार्यों को निलंबित कर दिया। यह निलंबन खलील रसजेद डेल की हत्या का परिणाम था, जो 60 साल के आईसीआरसी स्टाफ सदस्य थे, जिन्हें बलूचिस्तान में चार महीने पहले अपहरण कर लिया गया था।

2012 दक्षिण-पश्चिम एशियाई सीरिया की राजधानी दमिश्क में दो बम धमाके में 55 लोगों की मौत और 370 अन्य घायल।

2013 10 मई, 2013 को गगनचुंबी इमारत के शिखर के अंतिम घटक की स्थापना। इस इमारत की वास्तुकला ऊंचाई 1,776 फीट है जो इसे दुनिया का चौथा सबसे लंबा गगनचुंबी इमारत बनाती है। इसने उसी स्थान पर बनाया है जहां आतंकवादी समूह द्वारा 9/11 को उत्तरी ट्विन टॉवर को नष्ट कर दिया गया था, इसीलिए इसे अक्सर फ्रीडम टॉवर भी कहा जाता है। वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पश्चिमी गोलार्ध में सबसे ऊंची गगनचुंबी इमारत बन गया।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# भारत-पाक तनाव : वैश्विक प्रतिक्रियाएँ और भारतीय दृष्टिकोण

जैसा कि अंदेशा था, पहलगाम हमले और उसके जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ख़बर है कि जम्मू, पठानकोट और ऊधमपुर के मिलिट्री बेस पर पाकिस्तान की ओर से हमास स्टाइल में ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए हैं। भारतीय सेना ने इन हमलों को नाकाम कर दिया है। किसी भी तरह के जान-माल का नुक़सान नहीं हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि भारत अपनी संप्रभुता और अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि जम्मू से पहले, पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ अमृतसर और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में तोपखाने और ड्रोन से हमले किए हैं। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में भारी हथियारों और ड्रोन का उपयोग किया और जता दिया कि लाहौर और इस्लामाबाद भी भारतीय मिसाइलों की जद में हैं।

इन ताजा हमलों ने दक्षिण एशिया में युद्ध की आशंका को और गहरा दिया है। भारतीय दृष्टिकोण से, यह स्थिति आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की ज़रूरत को उजागर करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायुसेना ने जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को नष्ट करने के लिए विशेष गोला-बारूद का उपयोग किया, जिसमें 90 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से परहेज किया, ताकि कार्रवाई को आतंकवाद-विरोधी अभियान के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। दूसरी ओर, पाकिस्तान की प्रतिक्रिया आक्रामक और नागरिक-केंद्रित रही। जम्मू, उरी और कुपवाड़ा में तोपखाने की गोलाबारी के अलावा, कई शहरों में ड्रोन हमलों ने बुनियादी ढाँचे को निशाना बनाने और घबराहट फैलाने की कोशिश की। भारतीय सेना ने इस कोशिश को तो नाकाम किया ही, पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को भी फुस्स करते हुए उसके दिल पर सटीक वार किया है। कहना न होगा कि इन हमलों से आर्थिक स्थिरता और अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया। इससे भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दुनिया भर की नींद हराम है; क्योंकि ये दोनों ही देश परमाणु हथियारों से लैस हैं।

अगर वैश्विक प्रतिक्रियाओं की बात करें, तो ये भारत के दृष्टिकोण से संतोषजनक प्रतीत होते हुए भी पर्याप्त नहीं कही जा सकतीं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए संयम की अपील की, लेकिन भारत इसे औपचारिक बयान मानता है, जिसमें पाकिस्तान की आतंकवाद-प्रायोजित नीतियों की स्पष्ट निंदा का अभाव है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक भी बिना ठोस नतीजे के समाप्त हुई, जिसे भारत पाकिस्तान की कूटनीतिक चाल के रूप में देखता है।अमेरिका ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की और भारत के आतंकवाद-विरोधी प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन उसका रुख संतुलित है, क्योंकि वह पाकिस्तान के साथ संबंध बनाए रखना चाहता है। रूस ने संयम की अपील की, लेकिन भारत के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी उसे भारत की ओर झुकाव देती है। चीन ने आतंकवाद की निंदा की, लेकिन उसका पाकिस्तान के साथ गहरा गठजोड़ भारत के लिए चिंता का विषय है। ईरान ने मध्यस्थता की पेशकश की, जिसे भारत ने ठुकरा दिया, क्योंकि वह इसे द्विपक्षीय मामला मानता है। सीमावर्ती इलाकों लगातार हमलों ने वैश्विक चिंता को बढ़ाया तो ज़रूर है, लेकिन अनेक देश तटस्थ रुख अपनाते दिख रहे हैं। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में ऐसे रुख को भारत पक्षपात के रूप में देखता है।

भारत का मानना है कि वैश्विक समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ उसकी कार्रवाइयों को स्पष्ट समर्थन देना चाहिए। भारत ने कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य मोर्चों पर पाकिस्तान को घेरने की रणनीति अपनाई है, जिसमें सिंधु जल संधि का निलंबन और व्यापारिक प्रतिबंध शामिल हैं। दोनों तरफ से ताज़ा हमले इस संघर्ष के विस्तार को दर्शाते हैं। भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने सबूतों को और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि हमारी कार्रवाइयाँ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अपरिहार्य हैं। शांति तभी संभव है, जब पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे !

# जिजीविषा के साथ संघर्ष में सफलता



संजीव ठाकुर

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है1 जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है1 बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं ।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं1 सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं1 मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए1 यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है1 जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है1 यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है1

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं1 सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए1इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है1 और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है1 भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है1ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था ।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।

आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता1



# ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हेतु प्रदेश सरकार के बढ़ते कदम

डी के सिंह

ऊर्जा के बिना जीवों का जीवन सम्भव नहीं है, यह हमारे जीवन का आधार है। ऊर्जा किसी वस्तु में कार्य करने या बदलाव करने की क्षमता होती है। इसे कार्य करने की क्षमता के रूप में भी जाना जाता है। हर क्षेत्र में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। ऊर्जा कई रूपों में मौजूद होती है जैसे गतिज ऊर्जा स्थितिज ऊर्जा, रसायनिक ऊर्जा, उष्मा ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा आदि होते है। ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदला जा सकता है। ऊर्जा हमें जीवित रहने और प्रगति करने के लिए जरूरी है। आज हर क्षेत्र में बिना ऊर्जा के जीवन असंभव हो गया है। उद्योग, कृषि, परिवहन व घरेलू तथा सामाजिक जीवन सहित विकास के हर स्तर पर ऊर्जा अति आवश्यक हो गयी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में विद्युत उत्पादन और मांग के अनुसार आपूति के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की है। आज प्रदेश में गाँवों से लेकर शहरों के समस्त क्षेत्रों में अच्छे ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2024-2025 में माह दिसम्बर तक औसत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र में 20 घण्टे 35 मिनट, तहसील मुख्यालय में 22 घण्टे 36 मिनट तथा जनपद मुख्यालय में 24 घण्टे की जा रही है। प्रदेश में दिसम्बर 2023 तक 2,94,818 मजरों को विद्युतीकृत किया गया। प्रदेश में 2017 से अब तक 165 लाख विद्युत कनेक्शन निर्गत किये गये तथा 33/11 के. वी. के 749 नये विद्युत उपकेन्द्र स्थापित एवं 1528 विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई है।

अयोध्या को सोलर सिटी और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 16 नगर निगमों एवं नोएडा शहर को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा वर्ष 2024-2025 में दिसम्बर माह तक 7140 मेगावॉट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता व संयुक्त उपक्रम में चलित 1980 मेगावॉट का उत्पादन क्षमता एवं 37,056 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन प्राप्त किया गया।

प्रदेश में गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने हेतु पम्प स्टोरेज जल विद्युत परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कोल इण्डिया लिमिटेड के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में जनपद जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना प्रस्तावित हैं। एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से तहसील गरौठा जनपद झाँसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना भी की जा रही है। 2'800 मे.वा. ओबरा डी तापीय परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कानपुर में 3'660 मेगावॉट घाटमपुर तापीय परियोजना की प्रथम इकाई पूर्ण कर ली गयी है तथा द्वितीय एवं तृतीय इकाई से क्रमशः मई, 2025 एवं अगस्त, 2025 से उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा।

पावर फॉर ऑल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 2017 से अब तक 24 हजार 800 करोड़ की



लागत से 193 पारेषण उप केन्द्रों एवं तत्सम्बन्धी लाइनों का ऊर्जीकरण किया गया है। वर्ष 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाए थी, जिसमें पिछले 8 वर्षों में 10 गुने की बढ़ोत्तरी हुई है। 1000 से अधिक आबादी वाले 9031 ग्रामों/मजरों में खुले तार के स्थान पर 51941 किमी. ए.बी. केबल लगाये गये। स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्यत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम लागू की गयी है। 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों पर 627 नग कैपेसिटर बैंक स्थापित किये गये है।

प्रदेश में निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगे प्रतिवन्ध को हटाने से 01 लाख किसान लाभान्वित हुए है। 14 लाख से अधिक निजी नलकूप के बिजली बिलों में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। ट्रान्सफार्मर खराब होने पर 24 घंटे में बदलने की व्यवस्था है। 09 हजार 926 नये वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा 28 हजार 602 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य भी पूर्ण किया गया है। किसानों के हित में 1 लाख 88 हजार निजी नलकूपों का संयोजन किया गया है। सिंचाई सुविधा हेतु 3,99,899 निजी नलकूपों का संयोजन तथा किसानों को विद्युत आपूर्ति हेतु 2695 ग्रामीण फीडर अलग किये गये है।

प्रदेश में 'रोजगार सृजन एवं कौशल विकास हेतु वर्ष 2025-26 में 3000 सूर्यमित्रों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। अप्रैल, 2022 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक कुल 1,87,873 निजी नलकूप संयोजन निर्गत किये गये। कृषि फीडरों के पृथक्कीकरण की योजना के अन्तर्गत 4,680 फीडर्स के लक्ष्य के सापेक्ष 3,817 कृषि फीडर्स का निर्माण कराया जा चुका है। सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत 22000 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। निजी पूंजी निवेश से 2653 मेगावाट क्षमता की तथा रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की 508 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं की स्थापना की गयी है। झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में सोलर पार्क की स्थापना तथा सौभाग्य योजना में 53,354 सोलर पावर पैक संयंत्रों की स्थापना किया गया है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट, बायो कोल, बायो डीजल/बायो एथेनॉल की स्थापना को प्रोत्साहन देते हुए गोरखपुर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना की गयी है। नये संयोजन हेतु घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 'झटपट पोर्टल' की व्यवस्था की गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत कम्प्रेस्ड बायो गैस, बायो-कोल, बायो-डीजल/बायो-एथेनॉल से सम्बन्धित 53 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा 24 परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी की अधयक्षत्ता में आवास, रिचार्ज सॉफ्ट, वृक्षारोपण, ओपनजिम, भूसादान आदि कि समीक्षा की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० कि अध्यक्षता में समस्त ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारीयों के साथ आवास, तालाब, वृक्षारोपण, ओपनजिम , भूसादान आदि कि समीक्षा की गयी उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में अधूरे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवासों को समय पर पूर्ण किया जाए साथ ही आवासों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने खंड विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए कि खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन समीक्षा करे व शतप्रतिशत रिमांड व रजिस्ट्रेशन की कार्यवाई पूर्ण कराए साथ ही अपूर्ण आवासों को माह के अंत तक पूर्ण कराएं। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अप्रयुक्त हैंडपंप बोर का उपयोग रिचार्ज सॉफ्ट बनाने में किया जाएगा। इस योजना से प्रति वर्ष लगभग 8.5 लाख लीटर पानी का संरक्षण संभव होगा इसकी समीक्षा करते हुए उन्होंने सम्बंधित खंड विकास अधिकारीयों एवं ग्राम सचिव को निर्देश दिए कि रिचार्ज सॉफ्ट बनवाए जाने का कार्य अधिकतम माह की 15 तारीख तक पूर्ण कराये इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाये इसके पश्चात उनके द्वारा वृक्षारोपण कराये जाने कीसमीक्षा की गयी उन्होंने सम्बंधित खंड विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कराये जाने हेतु जिन 10-10 जगहों का चयन किया जाना था उन जगहों में वृक्षारोपण कराये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करते हुए आगामी कार्यवाही प्रचलित की जाए। इसके पश्चात उनके द्वारा ओपन जिम निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी उन्होंने सबंधित खंड विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए कि आगामी 23 तारीख को जिन स्थाओं में ओपन जिम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है वहां पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ओपन जिम का उद्घाटन अवश्य करा लिया जाए एवं जियों टैग फोटो मुक्यालय स्तर पर प्रेषित कर दी जाए। इसके पश्चात विकास खंड मलासा में विभागीय योजनाओं की अत्यंत धीमी प्रगति होने के कारण उन्होंने सम्बंधित खंड विकास अधिकारी एवं सचिवों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि यदि माह के अंत तक उनके द्वारा विभागीय योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं कि जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके पश्चात उन्होंने वर्तमान में जनपद अन्तरत चल रहे भूसा दान संग्रहण की समीक्षा करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सचिव से कहा कि अपने क्षेत्रान्तर्गत व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए भूसा दान प्राप्त करते हुए अधिक से अधिक मात्र में भूसा संगृहीत करवाए।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति 19 मई को जनपद के आलाधिकारियों के साथ करेगी बैठक

उत्कर्ष सिंह




कानपुर देहात जनप्रतिनिधियों के स्तर से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता व जांच हेतु जनपद में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति दिनांक 19 मई 2025 को जनपद के आलाधिकारियों व जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की तैयारियों के सम्बन्ध में मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि उक्त समिति द्वारा वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात से अब तक मा0 सांसदों एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा सरकार एवं शासन तथा जनपद को प्रेषित पत्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में गहनता से विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि 13 मई 2025 तक प्रत्येकदशा में निर्धारित प्रारूप में मा0 जनप्रतिनिधियों के स्तर से प्राप्त अभी तक के समस्त शिकायती पत्रों के सापेक्ष भेजी गयीं निस्तारण आख्या के प्रेषण सम्बन्धित विवरण भरकर समसय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को प्रेषित किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम्य विकास, नगर विकास लोक निर्माण विभाग, पंचायतीराज विभाग, सिंचाई विभाग, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, समाज कल्याण, राजस्व, आबकारी, पशुपालन, बेसिक शिक्षा, पर्यावरण, सहकारिता, दुग्ध विकास, खाद्य एवं रसद, भू-तत्व एवं खनिजकर्म, होमगार्ड, कारागार, आयुष, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ, पर्यटन, विद्युत सुरक्षा, ग्रामीण अभियन्त्रण, व्यापारकर, सांस्कृतिक आदि विभागों को मा0 जनप्रतिनिधियों के स्तर से कितने पत्र प्राप्त हुए तथा उनका निस्तारण कब-कब किया गया के सम्बन्ध में विस्तार में समीक्षा की जायेगी, जिस हेतु समस्त सम्बन्धित विभाग भेजी गयीं निस्तारण आख्या की पूर्ण जानकारी अपने पास सुरक्षित रखें, जिससे ससमय पूछे जाने पर विवरण प्रेषित किया जा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह, परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेबर कॉलोनी का मालिकाना हक: जो जहां है, जितना है, जैसा है, जिसके पास है, उसी को उसका मालिक बना दिया जाए: मैथानी

डी के सिंह

कानपुर। कई वर्षो से लेबर कालोनी के मालिकाना हक के लिए संघर्ष किया जा रहा है। कालोनी के मालिकाना हक देने के लिए श्रम विभाग द्वारा पूर्व में भी सर्वे कराया गया और प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा गया, लेकिन तकनीकी कारणो के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला गया ,लेकिन गोविन्द नगर विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने श्रम कालोनियों के मालिकाना हक के लिए लखनऊ बापू भवन में उत्तर प्रदेश परामर्श दात्री समिति श्रम मंत्रालय की बैठक में भाग लिया। बैठक प्रमुख सचिव श्रम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक सुरेंद्र मैथानी द्वारा, पूर्व में उत्तर प्रदेश सदन में लगाई गई याचिका एवं लंबे समय से किये जा रहे संघर्ष के, उन सारे बिंदुओं को शामिल किया, जिन पर लेबर कॉलोनी के निवासियों के मालिकाना पर फैसला काफी कुछ उनके पक्ष में आए।

विधायक श्री मैथानी ने बैठक मे कहा कि जीवन के 42 वर्षो से लेबर कॉलोनी में रहते चले आ रहे है मुझसे बेहतर पूरे उत्तर प्रदेश में वहां का दर्द और वहां का निवारण दूसरा कोई नहीं बता सकता। उन्होंने उक्त बैठक में कहा की कॉलोनीयों के स्वामित्व के मामले में, जो जहां है, जितना है, जिसके पास है और जैसा है, उसी हालत में, उसी को उसका मालिकाना हक, मात्र टोकन मनी ले करके, दे दिया जाए। यह इसका व्यावहारिक पक्ष है। यदि हम कानूनी दांव पेज और दशकों पुराने, अव्यावहारिक नियमों के हिसाब से, कोई नियमावली बनाएंगे, तो वह सफल नहीं होगी। इसलिए हमें व्यावहारिक पक्ष के आधार पर ही, जनहित में अपनी संस्तुति करके, कैबिनेट को प्रस्ताव भेजना चाहिए।

बैठक में विशेष सचिव द्वारा कहा गया कि पहले खाली पड़ी हुई जगह पर कमर्शियल स्पेस बना लिया जाए और फिर मूल आवंटी और उसके बाद सिग्मी लोगों और उसके बाद बड़े लोगों के काबिज मकान को, अलग-अलग दर पर, उन्हें आवंटन करने की



पॉलिसी बनाई जाए। या पहले खाली पड़े हुए पार्क में, स्थलों पर, अपार्टमेंट की तर्ज पर फ्लैट बनाया जाए और उनका आवंटन करके, तब इस कॉलोनी को डिमोलिश कर दोबारा इसका निर्माण कर, जो जिस श्रेणी में आता हो, उनको उनकी पात्रता के आधार पर, निर्माण कंप्लीट उपरांत आवंटन किया जाए। जिस पर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त प्रस्ताव को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह मैं किसी कीमत पर नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले 60 साल में 1 ₹ का भी मेंटेनेंस नहीं कराया, तो आप किस आधार पर उसको अपनी संपत्ति मान रहे हो। हम लोगों ने, हमारी सरकार ने वहाँ की सड़क, नाली, सीवर, बिजली, विकास कार्यों और पार्कों का विकास कराकर, उसे रहने योग्य बनाया है, और अब आप अपना मालिकाना हक समझकर आधार हीन, कोई भी ऐसा निर्णय नहीं कर सकते, जो वहां की जनता की मूल भावनाओं के खिलाफ हो। मैं इसका विरोध करता हूं और उसको सड़कों पर उतर कर किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा। यह पूरी तरह जन विरोधी है। उन्होंने तेवर भरे लहजे में कहा कि मुझे समझाने का प्रयास न करें, क्योंकि मैं वहां के कष्ट को जानता हूं और मैं वहां का 42 साल निवासी रहा हूं। पहले मुझसे बात करो, तब कोई कदम, आप आगे बड़ा पाओगे। उनके तेवर देख कर पूरी बैठक में सन्नाटा छा गया।

बैठक के अंत में प्रमुख सचिव सभापति ने कहा की विधायक श्री मैथानी का पक्ष व्यावहारिक है इस पर शास्त्री नगर कॉलोनी और कानपुर की श्रम कॉलोनी से ही इसका सर्वे अध्ययन प्रारंभ करें जिसको 6 महीने के अंदर पूर्ण कर लिया जाए। जिसमें लोकल अथार्टी, नगर निगम ,के डी ए अथवा आवास विकास को सम्मिलित करके, उसमें टेक्निकल दृष्टि से जे ई तथा पीडब्ल्यूडी के लोगों को भी शामिल करके और परामर्शदात्री के सदस्य के नाते विधायक को भी शामिल करके, इसकी एक अध्ययन रिपोर्ट अभिलंब तैयार की जाए। जिस पर कोई सकारात्मक रिपोर्ट तैयार करके शासन ,कैबिनेट को प्रेषित की जाए। जिससे जल्द से जल्द इस पर सकारात्मक निर्णय आ सके। इस पर विधायक श्री मैथानी ने प्रमुख सचिव को इस सकारात्मक दृष्टि में आगे कार्यवाही हेतु बड़ी, बैठक के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रमुख सचिव श्रम एम के शानमुगा सुंदरम , विधायक सुरेंद्र मैथानी , विधायक मंजू शिवाज एवं श्रम आयुक्त मारकंडे शाही तथा विशेष सचिव कुणाल सिल्कू, आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




# सीट बेल्ट और हेलमेट सिर्फ चालान से नही, जान से जुड़े हैं

## इन्हें हमेशा पहनिए क्योंकि आप अपनों के लिए अनमोल हैं

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानों में मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में शुक्रवार को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा फ्लैक्सी बोर्ड द्वारा लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार व सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।




मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कोचिंग सेंटर पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा कोचिंग सेंटर पर जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। तथा थाना कटघर पुलिस द्वारा मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत स्कूल, कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने अपील की। थाना भगतपुर पुलिस द्वारा भी लोगों को पम्पलैट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।




# क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप की बड़ी धूमधाम से मनाई जयंती



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**शुक्रवार** को कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। जिसमें मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि महाराणा प्रताप का कद 7 फीट 5 इंच का था।

उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन को अर्पण कर दिया। हम सबको उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।कार्यक्रम में ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, प्रमोद ठाकुर, संजय ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजेश सिंह, राजू सिंह, सतीश सिंह, टीकमसिंह,कोमल सिंह, हरिओम सिंह, जगराज सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, आकाश ठाकुर, अरुन कुमार पुंडीर, अनुज कुमार पुंडीर, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, प्रेमपाल सिंह, वलजीत पुंडीर, रमौतार सिंह, सुभाष सिंह, अमरपाल सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार पुंडीर, अजीत कुमार पुंडीर, चमन कुमार, अमित कुमार, इन्द्रजीत सिंह, सोहित कुमार, लव पुंडीर, अरनव पुंडीर, शिवा,पुष्पेंद्र कुमार पुंडीर, अरनव पुंडीर, धुव्र पुंडीर, वादल पुंडीर, जीतू कुमार, धर्मपाल सिंह, कुंवर पाल सिंह, राजपाल सिंह,चमन सिंह,रानू सिंह, राजवीर सिंह, रनवीर सिंह, महासिह, उदयवीर सिंह, नरेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह,अवनीश सिंह, वनवारी सिंह, खेमपाल सिंह, किरनपाल पुंडीर, मुकेश कुमार, सतवीर सिंह आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकों की सुरक्षा को लेकर किया चेकिंग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शुक्रवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### पुलिसकर्मियों की बीट बुक चेक कर दिए आवश्यक निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा अपने कार्यालय में पुलिसकर्मियों की बीट बुक चेक कर, बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट क्षेत्र में भ्रमण करने एवं बीट बुक को अद्यावधिक रखने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया।

### अलमारी का लॉक तोड़कर नकदी समेत जेवर चोरी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी कुंवर सेन पुत्र नत्थू की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ रात को डेढ़ बजे घर में घुसकर सेफ अलमारी के लॉक तोड़कर दस हजार की नकदी तीन जोड़ी चांदी की पाजेब और एक कूल्हा पेटी चोरी कर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना पांच दिन पूर्व की बताई जा रही है।

### हलधरमऊ सीएचसी में पत्रकार से अभद्रता, जान से मारने की धमकी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोण्डा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हलधरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अव्यवस्था और मरीजों के शोषण की खबर कवर करने गए एक पत्रकार के साथ स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अभद्रता, फोन छीनने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बीते 30 अप्रैल 2025 की शाम करीब 6 बजे की है, जब एक दैनिक समाचार पत्र से जुड़े पत्रकार रविकांत मिश्रा सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की कवरेज करने गए थे।

पत्रकार ने बताया कि सीएचसी में अव्यवस्था और स्वास्थ्य कर्मियों की अनियमितताएं कैमरे में कैद होने से कर्मचारी बौखला गए। आशा बहू अनीता, चौकीदार ललित कुमार, चपरासी संतोष कुमार और तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पत्रकार के साथ अभद्रता की और उसे दोबारा सीएचसी में दिखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इतना ही नहीं, हलधरमऊ चौकी के पुलिसकर्मी गोविंद चौहान के दबाव में कर्मचारियों ने पत्रकार का फोन छीनकर उसमें मौजूद फोटो और वीडियो जबरन डिलीट कर दिया।

पीड़ित पत्रकार ने कटरा बाजार पुलिस को तहरीर दी, लेकिन अभी तक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं हुई है। इस घटना से जिले के पत्रकारों में भारी आक्रोश है। हलधरमऊ सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की निरंकुश कार्यप्रणाली लंबे समय से चर्चा में है। पत्रकार संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने विभागीय जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है और अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# महाराणा प्रताप जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर जनपद मुरादाबाद के महाराणा प्रताप चौक स्थित वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। सदस्य विधान परिषद डॉ जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा महाराणा प्रताप चौक स्थित वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। अदम्य वीरता, आत्म स्वाभिमान व अतुलनीय पराक्रम से भारतीय इतिहास को सुशोभित करने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर क्षेत्र अंतर्गत द्वारा नमन किया, श्रद्धेय महाराणा प्रताप का महान जीवन और शौर्य गाथा अनंतकाल तक हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा।

# एसपी देहात ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।



पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# ट्रेडिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी के रुपये थाना साइबर क्राइम ने कराए वापस

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** वादी मौ0 शफीक निवासी मोहल्ला भट्टी स्ट्रीट थाना कोतवाली जिला मुरादाबाद मैं अभियुक्तगण दुबारा वादी के मोबाइल के टेलीग्राम एप पर इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग करने का लिंक भेज कर धोखाधड़ी करके 949189 रुपये की धनराशि जमा कराने आदि के संबंध में थाना साइबर क्राइम पर प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर क्राइम थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक,अपराध नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम द्वारा वादी मौ0 शफीक के साथ की गई ऑनलाइन ट्रेडिंग की साइबर धोखाधड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की गई धनराशि में से 482081 रुपये वादी मौ0 शफीक उपरोक्त के बैंक खाते में वापस कराई गई।

पीड़ित के खाते से गया पैसा मिलने पर पीड़ित द्वारा उच्च अधिकारियों व थाना साइबर क्राइम मुरादाबाद की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

# अवैध चरस के साथ एक गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकबड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध मादक पदार्थो के निर्माण,तस्करी व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत गुरुवार की रात्रि में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्त मुख्त्यार उर्फ सुहेल पुत्र मुमताज निवासी ग्राम मदनापुर थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को 200 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# संदिग्धावस्था में मृत्यु , पति ने पड़ोसी पर लगाया हत्या का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** ग्राम सरदार नगर में देर रात 29 वर्षीय महिला घर में छत पर लगे बिजली के पंखे में मृतावस्था में लटकी मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।मृतका के पति ने पड़ोसी मां-बेटे पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम सरदार नगर निवासी दीपक सैनी पुत्र जयमल सैनी अपनी पत्नी पूजा सैनी एंव तीन बच्चों अंशू ,निक्की और दीपांशु के साथ रहता है। बृहस्पतिवार देर रात को मुरादाबाद में ड्यूटी करके थाना क्षेत्र के गांव बीजना में अपनी ससुराल में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर रात को दो बजे घर पर पहुंचा। तीनों बच्चे आंगन में चारपाई पर सोते हुए मिले। कमरे में झांककर देखा तो पत्नी पूजा छत में लगे पंखे से मृतावस्था में लटकी मिली।



शुक्रवार की सुबह को ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शरद,सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज पंकज राठी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से महिला की हत्या या आत्महत्या करने की जानकारी जुटाई। इस संबंध में ग्रामीण पुलिस के सवालों का जवाब देने से बचते रहे। पुलिस ने मृतका के पिता लेखराज से भी हादसे के संबंध में जानकारी जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। मृतका के पति दीपक सैनी ने पड़ोसी अनिकेत और उसकी मां राजकुमारी पर शाम को पत्नी से झगड़ने और रात में देख लेने की धमकी देने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मां -बेटे के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को तहरीर दी है। पुलिस तहरीर सहित अन्य साक्ष्यों की जांच पड़ताल कर रही है।

# नगर पंचायत में रुके हुए कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मैनाठेर।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी में हो रहे विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे एडीएम प्रशासन ने निरीक्षण के दौरान रुके कार्यों को जल्द करने के लिए दिए निर्देश।

शुक्रवार को नगर पंचायत महमूदपुर माफी पहुंचे एडीएम प्रशासन गुलाब सिंह ने अवर अभियंता तेजपाल सिंह अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार चेयरमैन प्रतिनिधि मंगलसेन सैनी के साथ नगर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया जिसमें वार्ड सात दोनी मोहल्ला वार्ड छह टेढ़ा कुआं वार्ड दस ,वार्ड नौ , वार्ड आठ सहित वार्ड 15 नगलिया में सड़कों और लोक निरीक्षण किया



इस दौरान अधिकारियों ने अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए ठेकेदारों को दिशा निर्देश दिए और पाई गई कमियों को भी ठीक करने के निर्देश दिए।

# पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा : योगी

## महाराणा प्रताप जयंती पर सीएम योगी का संबोधन : आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरा, भारत की सेना के शौर्य को सराहा





- मुख्यमंत्री ने कहा - महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे वीर योद्धा हमें देते हैं नई प्रेरणा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए वीरता, राष्ट्रभक्ति और समर्पण का संदेश दिया। अपने भाषण में उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे महान योद्धाओं को नमन करते हुए पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ₹पाकिस्तान ने आतंकवाद को बढ़ावा देने की इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि अब वह अपने अस्तित्व के लिए जूझता नजर आ रहा है। उसका असली चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है।₹ उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हर भारतीय के दिल में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश पैदा करने वाला क्षण था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तीनों सेनाओं ने इस हमले का सख्त जवाब दिया है, जिससे पाकिस्तान आज वैश्विक मंच पर अलग-थलग और कमजोर नजर आ रहा है। सीएम योगी ने पाकिस्तान की बेशर्मी और आतंकवाद से सांठगांठ को उजागर करते हुए कहा कि मारे गए आतंकियों के जनाजे में उसके सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व की उपस्थिति इस सच्चाई को उजागर करती है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को पनाह देता है, बल्कि उसमें सीधे तौर पर शामिल भी है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे सेना का मनोबल बनाए रखें और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहें। उन्होंने कहा, हर भारतवासी की जिम्मेदारी है कि वह सेना के साथ खड़ा हो और राष्ट्रविरोधी तत्वों को बेनकाब करे। महाराणा प्रताप की जयंती को वर्तमान समय के लिए प्रेरणादायक बताते हुए योगी आदित्यनाथ ने हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस युद्ध में महाराणा ने सीमित संसाधनों के बावजूद अकबर की विशाल सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप सिंह चौराहे के सुंदरीकरण के लिए विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह और मानवेंद्र सिंह को बधाई दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 1998 में इसी चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव उन्होंने ही दिया था। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर सिंह समेत कई मंत्रीगण, सांसदगण, जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चार लाख लापता उपभोक्ता हर माह डकार रहे 21 हजार क्विंटल राशन, होगा सत्यापन



**नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेली।** पांच महीनों से राशन कार्डों में शामिल सभी यूनिटों की ई केवाईसी कराने का काम चल रहा है, लेकिन हर माह 4.24 लाख उपभोक्ता 21 हजार क्विंटल राशन मुफ्त खा रहे हैं। इतना ही नहीं ई केवाईसी न करवाकर वे खुद की पहचान कराने से भी बच रहे हैं।अब संबंधित यूनिटों का राशन रोकने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डों में 22,31,851 यूनिटें शामिल हैं। इसमें अब तक 1807590 यूनिटों की ई केवाईसी का काम पूरा हो चुका है। 424261 यूनिटों की ई केवाईसी का काम बाकी है। यह काम पिछले छह माह से चल रहा है, लेकिन राान लेने वाले इन उपभोक्ताओं की ई केवाईसी का काम विभाग करा पाने में नाकाम हैं। बताते हैं कि राशन लेने वाले ये उपभोक्ता अपात्र होने के बाद भी राशन ले रहे हैं। इसी कारण ई केवाईसी नहीं करा रहे हैं। ऐसा कराने पर उनके नाम राशन कार्डों से कट भी सकते हैं। विभाग ने राशन की कालाबाजारी को रोकने के लिए बायोमेट्रिक तरीके से राशन वितरण शुरू कराया है। व्यवस्था यह है कि राशन कार्डों में शामिल एक भी यूनिट की ई केवाईसी है तो बायोमेट्रिक से सभी यूनिटों का राशन मिल जाता है। इसी कारण ई केवाईसी कराने में सुस्ती बरती जा रही है।

### सत्यापन के लिए करानी होगी ई-केवाईसी

राशन कार्ड में जितने भी सदस्य हैं, उन सभी की ई केवाईसी करानी होगी। इसके लिए प्रत्येक सदस्य को अपना राशन कार्ड लेकर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर पहुंचना होगा। राशन डीलर पॉस मशीन से सदस्य के हाथ का अंगूठा लेकर ई केवाईसी करेगा। मोबाइल पर मेसेज भी आएगा। ई केवाईसी कराने के बाद ही इसकी पुष्टि होगी कि जिस उपभोक्ता का नाम कार्ड में है, वही राशन प्राप्त कर रहा है। इसके अलावा कुछ उपभोक्ताओं के अंगूठों के निशान सत्यापित नहीं हो पा रहे हैं।

> “ सचार लाख से अधिक यूनिटों की ई केवाईसी बाकी है। इसके लिए सभी आपूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। समय से जिन यूनिटों की ई केवाईसी नहीं होगी, उनका राशन रोका जाएगा।
> विमल कुमार शुक्ला, जिलापूर्ति अधिकारी

## संक्षिप्त समाचार

### ओमप्रकाश सिंह बने पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष



**लखनऊ।** पूर्व विधायक ओमप्रकाश सिंह को पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य वेल्फेयर सोसाइटी का नया अध्यक्ष चुना गया है। सोसाइटी ने पूर्व अध्यक्ष सत्यदेव त्रिपाठी के निधन के बाद नया अध्यक्ष चुना है। इस सम्बन्ध में होटल जेमिनी में एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में सोसाइटी के महासचिव और पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी ने नये अध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का समर्थन मुईद अहमद और मीता गौतम ने किया। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस बैठक में डॉ. सिद्धार्थ शंकर, डॉ. आरए उस्मानी, एचजी सिंह, स्वप्ना राय, अब्दुल मन्नान, बुद्धि सिंह, वीरेन्द्र वर्मा, जफर अली नकवी, नरेंद्र वर्मा, ताहिर सिद्दीकी और दिनेश चन्द्रा मौजूद थे।

### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई



**गोंडा।** मां गायत्री इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल साइंसेज चांदनी चौक में महा राणा प्रताप का 485 वां जयंती मनाया मनाया गया ।मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख बाबू राम यादव और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ विजय बहादुर सिंह ने ने महाराणा प्रताप के चित्र पर फूल माला अर्पित कर भाव श्रद्धांजलि दी। जयंती के अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्राओं कोमल, प्रांजल ,स्वाती, निशां, दिव्या ,कविता ने देश भक्ति के गीत गाया ।गोष्ठी के माध्यम से समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और कुरीतियों को दूर करने के लिए संदेश दिया ।देश के लिए लड़ रहे सैनिकों का हौसला बढ़ाया ।मुख्य अतिथि ने कहा कि महा राणा प्रताप सच्चे देशभक्त थे ।वे दुश्मनों से लडते रहे ।अपने विरोधियों को पस्त कर दिया। डॉ विजय बहादुर सिंह ने कहा कि महा राणा प्रताप हमारे देश के गौरव है ।उनके जीवन वृतांत से सभी युवाओं को सीख लेना चाहिए ।प्रशासक सरोज सिंह ,डॉ हिमांशु सिंह ,सुधांशु गुप्त ,डॉ मांडवी सिंह, डॉ दिव्य सिंह,शिब्बू सिंह, कोमल ,आदर्श सिंह, सूरज ,नीरज सिंह, विकास सिंह ,डॉ कमलेश सिंह ,सूर्यांश सिंह ,सूर्य प्रताप सिंह ,पिंकू सिंह रहे।

### सरयू तट पर दिखा मगरमच्छ, मचा हड़कंप

**गोंडा ।** करनैलगंज तहसील क्षेत्र में कटरा घाट स्थित सरयू नदी के तट पर मगरमच्छ दिखने से हड़कंप मच गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भय का माहौल पैदा कर दिया। स्नान करने के लिए कुछ लोगों ने मगरमच्छ को देखा और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो के वायरल होने से इलाके में सनसनी फैल गई। कटरा घाट पर सरयू नदी में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं,जो अब अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मगरमच्छ को पकड़ने और नदी को सुरक्षित बनाने की मांग की है। इस घटना के बाद स्नानार्थियों की संख्या में कमी देखी जा रही है। मगरमच्छ के नदी में मौजूद होने की खबर से लोग डर के साये में हैं।

# डॉक्टरों पर कसेगा शिकंजा

## रोज रात में सीएचसी में होगी हाजिरी

**नेशनल एक्सप्रेस**



**रायबरेली।** ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में ओपीडी खत्म होते ही सीएचसी से बाहर जाने वाले चिकित्सकों की अब खैर नहीं है। रात में अस्पतालों में उन्हें उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए अपर निदेशक ने सीएमओ को पत्र जारी करके आदेश का अनुपालन कराने का आदेश दिया है।

सभी एसीएमओ कम से कम पांच अस्पतालों का निरीक्षण करके चिकित्सकों की उपस्थिति की रोजाना रिपोर्ट देंगे। सीएमओ भी रात में बिना बताए सीएचसी जाकर डॉक्टरों की उपस्थिति जांचेंगे। जीपीएस कैमरा एप के माध्यम से फोटो भी खींचकर भेजनी होगी।

शासन स्तर पर शिकायतें पहुंच रही थीं कि सीएचसी पर ओपीडी के बाद चिकित्सक चले जाते हैं। ऐसे में ओपीडी के बाद आने वाले मरीज परेशान होते हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलीय अपर निदेशकों व सीएमओ को हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की शत प्रतिशत उपस्थिति तय करने के आदेश दिए हैं।

आदेश दिया कि सिर्फ गंभीर मरीजों को ही जिला अस्पताल अथवा अन्य उच्च अस्पतालों में रेफर किया जाए। अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जाए। रात में अस्पताल में डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति तय की जाए। यदि सीएचसी में आवास न हो तो चिकित्सकों को आठ किलोमीटर की परिधि में रहना होगा।

सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि दिशा-निर्देश आने के बाद सभी अधीक्षकों को चिकित्सक की शत प्रतिशत उपस्थिति रात में दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान निर्देशों का पालन न मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।

# करनैलगंज कस्बे में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सामुदायिक शौचालय और नाला निर्माण

**नेशनल एक्सप्रेस**



**गोंडा।** नगर पालिका परिषद करनैलगंज में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लाखों रुपये की लागत से बन रहे सामुदायिक शौंचालय और नाले सरकारी धन के दुरुपयोग का जीता-जागता सबूत बन गए हैं। कस्बा पुलिस चौकी के निकट नगर पालिका से चंद कदमों की दूरी पर निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

पीली ईंटों और मानकविहीन सामग्री के उपयोग से बना यह शौचालय महीनों बाद भी अधूरा पड़ा है। गुणवत्ता की अनदेखी के चलते निर्माण कार्य रुका हुआ है,जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इसी तरह, पालिका क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से निर्मित नाला भी सफेद हाथी साबित हुआ है।

वर्षों बाद भी नाले पर पत्थर नहीं रखे गए, जिसके कारण यह जर्जर होने लगा है। सरकारी धन का जमकर बंदरबांट हुआ, लेकिन विकास के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। नाले की बदहाल स्थिति से क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ रही है, जिससे जनता परेशान है।

नगर पालिका करनैलगंज पर शासन और जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना का आरोप है। भ्रष्टाचार के इन कारनामों की शिकायत जिला अधिकारी तक पहुंच चुकी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जनता का कहना है कि विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग बंद होना चाहिए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार का यह सिलसिला और गहरा सकता है।

# मिशन वात्सल्य के अंतर्गत 1088 जरूरतमंद बच्चों को मिला सहारा, उम्मीदों को मिले नए पंख

## सिर्फ सहायता नहीं, एक सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही है योजना

**नेशनल एक्सप्रेस**

**गोंडा।** जनपद के 1088 बच्चों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं। एक समय था जब जीवन में अनिश्चितता, संघर्ष और अभाव उनके हिस्से में था। लेकिन अब मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा।18 वर्ष से कम उम्र के इन बच्चों को मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रति माह 4000 रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किए जाने के लिए चुना गया है। वर्तमान में 792 बच्चों को इससे लाभान्वित किया जा रहा है। बाकी के लिए अगले माह से बजट जारी हो जाने की संभावना है।बताते चलें कि पूर्व में इस योजना के तहत केवल 134 बच्चे लाभान्वित हो रहे थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 1088 हो गई है। यह न सिर्फ आंकड़ों की बात है, बल्कि उन कहानियों की शुरुआत है जो अब उम्मीद, सुरक्षा और आत्मसम्मान से लिखी जाएंगी।

### जब आँसू उम्मीद में बदलते हैं

748 ऐसे बच्चे, जिनकी मां विधवा हैं, अब इस योजना से जुड़े हैं। ऐसे परिवार, जो कभी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे थे, अब हर महीने 4000 की मदद से अपने बच्चों की पढ़ाई, दवा और देखभाल कर पाएंगे।

33 एचआईवी संक्रमित बच्चे, जिनके लिए समाज में कई बार संवेदनशीलता की जगह उपेक्षा मिलती है, अब इस योजना के दायरे में हैं। 44 दिव्यांग बच्चे भी अब मुख्यधारा में शामिल होकर अपना भविष्य संवारने का सपना देख सकते हैं। यह योजना सिर्फ संख्याओं की नहीं है, यह उन कहानियों की है जो चुपचाप सब कुछ सहते आए हैं—10 बाल श्रमिक, 8 भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चे, 3 तलाकशुदा या परित्यक्त मां के बच्चे, 21 ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दिव्यांग हैं और 32 बच्चे जिनके अभिभावक जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। इन सभी बच्चों के लिए यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि एक मानवीय स्पर्श है—जो उन्हें यह अहसास दिलाती है कि वे अकेले नहीं हैं।

### यह है योजना के पात्र

वे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं रहे, जिनकी मां तलाकशुदा या अलग रह रही हो। जो बाल विवाह, बाल श्रम, तस्करी या भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए हैं। जो लापता रहे हैं, बेघर हैं या जिनके माता-पिता जेल में हैं। एचआईवी, मानसिक या शारीरिक असमर्थता और गंभीर बीमारी से ग्रसित अभिभावकों वाले बच्चे भी इस योजना के पात्र हैं।

# पिता की पुण्यतिथि पर बेटी ने किया बन्दर भोज

**नेशनल एक्सप्रेस**



**डलमऊ/रायबरेली:** सामाजिक व्यवस्था के अनुसार यूँ तो पिता की मृत्यु पर पुत्र द्वारा सभी कार्य सम्पन्न किये जाते हैं, यहाँ तक कि पुण्यतिथि पर विशेष भोज भी पुत्रों द्वारा प्रदान किये जाने की परम्परा है, लेकिन तकरीबन साढ़े चार दशक (45 वर्षो) के बाद एक बेटी ने न सिर्फ पिता की पुण्यतिथि पर बन्दर भोज किया, बल्कि इसी दिन पिता के दिवंगत मित्र की भी पुण्यतिथि सम्पन्न करायी।

यह कार्यक्रम डलमऊ में गंगा तट के किनारे पर पवित्र शमशान भूमि में रायबरेली के गृहस्थ संत और पशुसेवी श्याम साधु के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम संयोजक वैजयन्ती उर्फ कुसुम पाण्डेय ने अपने सहयोगियों के साथ किया। कुसुम ने अपने स्व0 पिता शिवशंकर पाण्डेय निवासी पूरे कुंजल, मजरे रोखा, डीह व उनके मित्र स्व0 अशोक द्विवेदी की पुण्यतिथि भी मनायी और अनगिनत बन्दरों को भोजन करवाया। इस अवसर पर पशुसेवी श्री साधु ने कहा कि जो सन्तानें अपने माता-पिता का ख्याल रखती हैं, उनका जीवन सफल हो जाता है, उन्होनें कुसुम की सोच व कार्य की सराहना की। इस अवसर पर दन्नू, राजू, पुल्ली, राजन, अतुल, पवन, सचिन व मयंक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अनमोल मिश्रा व भुवेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम संयोजिका कुसुम ने संकल्प दोहराया कि वे भविष्य में भी यह कार्य करती रहेगी।

ज्ञातव्य है कि 09 मई 1980 में एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा कुसुम के पिता शिवशंकर पाण्डेय व उनके मित्र अशोक द्विवेदी की नृशंस हत्या कर दी गयी थी, तब कुसुम मात्र 04 वर्ष की थी, कालान्तर में अब बेटी ने पिता की पुण्यतिथि पर बन्दर भोज का अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया। गीतांजलि महासेवाधाम के पीठाधीश्वर एवं संचालक श्याम साधु की सलाह पर यह वानर भोज सम्पन्न हुआ।

# महाविद्यालयो में छात्रवृत्ति के लिए नैक की अनिवार्यता

## सत्र 2025 – 26 में छात्रवृत्ति हेतु नैक की ग्रेडिंग अनिवार्य : प्राचार्य

**नेशनल एक्सप्रेस**



**लालगंज रायबरेली:** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय , नैक मूल्यांकित ग्रेड बी में इस वर्ष सत्र 2025 - 26 में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी छात्र एवं छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा ।महाविद्यालय की *प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी के अनुसार शासन ने वर्ष 2025- 26 में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन करने वाले शैक्षिक संस्थानों के लिए नैक की ग्रेडिंग अनिवार्य कर दी है। जिन महाविद्यालय में नैक की ग्रेडिंग नहीं है उनमें प्रवेश लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी ।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि *बैसवारा महाविद्यालय को 5 मार्च 2025 को नैक द्वारा ग्रेड - बी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल , प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर कुंदन कुमार, डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा , डा सत्यद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा , डा के के दीक्षित डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, अंजू सिंह कार्यालय अधीक्षक , लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव , शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा , विशाल आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लालगंज में जश्न, फौजी भाइयों को किया गया सम्मानित

## आतंकवाद के खिलाफ यह आर पार की लड़ाई, यह नया भारत है खून की हर एक बूंद का लेगा हिसाब : शिवम मिश्रा

**नेशनल एक्सप्रेस**



**लालगंज(रायबरेली)।** पहलगाम की घटना के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हिंदुस्तान के वीर जवानों के उत्साहवर्धन के लिए लालगंज नगर के अटल चौक गांधी चौराहे पर ढोल नगाड़े के साथ पटाखे दागे गए,तिरंगे लहराए गए व जलेबी बांटी गई। इस अवसर पर भाजयुमो लालगंज मंडल अध्यक्ष शिवम मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंकी हरकतों को मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आंतकियों ने निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या कर हमारी बहनों का सिंदुर उजाड़ दिया था।

जिसके कारण देश के लोगों में काफी आक्रोश था। लेकिन आपरेशन सिंदुर के तहत भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए आंतकी हमले का मुंहतोड़ जबाव दिया। आतंकवाद के खिलाफ यह आर पार की लड़ाई है, यह नया भारत है खून की हर एक बूंद का हिसाब लिया जाएगा। पाकिस्तान समय रहते नहीं सुधरा तो दुनिया के नक्शे से गायब हो जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता सुशील शुक्ला,जेपी सिंह और उमेश सिंह ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से ले लिया है जिसके लिए भाजपा,सैनिक प्रकोष्ठ और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जब भी जरूरत होगी,हम सब भी पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने के लिए सरहद पर पहुंचने के लिए तैयार हैं।व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा,जिला अध्यक्ष रोहित सोनी,प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई,महामंत्री अप्पू शर्मा,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि अब तक 1947 से कई बार पाकिस्तान से संघर्ष हुआ है लेकिन जब भी पाकिस्तान ने भारत को छेड़ने का काम किया है तब तब हमारी सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व फौजी राजेश सिंह, कैप्टन रविंद्र बहादुर सिंह, मेजर एसपी दीक्षित, धर्मेंद्र मिश्रा,एके गिरी,जे बी सिंह को सम्मानित भी किया गया। भारत के सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर प्रसन्नता जताने वालों में पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, चंदन त्रिवेदी, अतुल त्रिपाठी,देवेश अग्निहोत्री, शिवम मिश्रा, विजय बाजपेई, रणविजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, विजय सिंह, पंकज जायसवाल, कौशलेंद्र कंचन, अर्पित गुप्ता, यशपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेक्टर से भरे ट्राला में मारी बालू से भरे ट्रक ने टक्कर, हादसा टला

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। थाना क्षेत्र के गांव नगला इमलिया के पाास शुक्रवार की अलसुबह बालू से भरे ट्रक ने होटल पर खडे सरिया से लदे एवं ट्रेक्टर से लदे ट्रोला को निशाना बनाया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोडकर फरार हो गया। पीडितों ने पुलिस को सूचना दी। थाना जसराना के एटा शिकोहाबाद मार्ग पर मौजूद नगला इमलिया के पास मौजूद होटल पर एक ट्रेक्टरों से लदा एवं एक सरिया से लदा ट्राला खडे हुए थे। सुबह शिकोहाबाद की तरफ से बालू से भरा हुआ ट्रक आ रहा था। अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रेक्टरों से भरे ट्रोला से टकरा गया। इस दौरान ट्रेक्टर नीचे जा गिरे। वहीं सरिया से भरे ट्राला में भी नुकसान होने की बात कही।

### जैन वाहिनी सर्व समाज के लिए पहुंचा रही लाभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जैन वाहिनी फिरोजाबाद के सहयोग से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली के नेतृत्व में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन शिक्षा लाभ सहित 70 लाभार्थियों को लाभान्वित कराया गया। इस मौके पर जैन वाहिनी के महेंद्र जैन गप्पू एवं अरविंद जैन ने बताया कि जैन वाहिनी सर्व समाज के लिए लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है।

### नगला गुलाल के फौजी बोले , देश सेवा का है समय, सरकार हमें मौका दो



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। जनपद फिरोजाबाद में नगला गुलाल गांव फौजियों के गांव से जाना जाता है। तहसील सिरसागंज से 15 किलोमीटर की दूरी बसा गांव नगला गुलाल में इस समय लगभग 100 से अधिक सैनिक सेवानिवृत्ति है जो भारत पाकिस्तान के युद्ध के तनाव की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे निर्दोष पर्यटको की आतंकियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। नगला गुलाल मे इस मामले को लेकर रिटायर फौजियों के खून में भी उबाल देखने को मिला है । इंडियन एक्स सर्विसमैन कल्याणकारी सेवा समिति नगला गुलाल के रिटायर फौजियों को कहना है कि अगर पाकिस्तान के साथ भारत का युद्ध होता है तो वें अपने देश की सेवा करने के लिए पीछे नहीं हटेंगे और पहले की तरह बॉर्डर पर जाकर दुश्मन का सामना करेंगे। पूर्व सैनिक और उनके परिवार हर परिस्थिति में देश व देश की सेवा के साथ खड़े हैं। अगर भारत पाक का युद्ध होता है और सरकार उन्हें मौका देगी तो वे सीमा पर जाकर दुश्मन का मुकाबला करने को तैयार है। इस दौरान नायब सूबेदार रामपाल सिंह, कैप्टन रमेश चंद्र, जयप्रकाश, राम रतन सिंह, ईश कुमार, राजबिहारी , राजेंद्र सिंह , हरवीर सिंह , सुरेश चंद्र , रामकिशन , अनवर सिंह , अवधेश कुमार, शेर बहादुर सिंह, अवनीश कुमार, श्री कृष्णा, सोनेलाल, बलबीर सिंह आदि रिटायर्ड फौजियों से मुलाकात की।

### गैंगस्टर एक्ट में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूण्डला । पुलिस ने चैकिंग के दौरान गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अखिलेश पुत्र मुन्नी लाल निवासी कुतुकपुर जारखी थाना टूण्डला और अविनाश उर्फ फना उर्फ फन्टा पुत्र स्व0 दीवान सिंह निवासी कुतुकपुर जारखी को गिरफ्तार किया गया है। गैंग लीडर केशव देव उर्फ टिंकू पुत्र मुन्नी लाल, अखिलेश पुत्र मुन्नीलाल, अविनाश उर्फ फना पुत्र दीवान सिंह का जनता में काफी भय व आंतक व्याप्त है। ये लोग एक संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु चोरी व डकैती की तैयारी व डकैती के लिए एकत्रित होंने जैसे संगीन अपराध करते हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### विद्युत विभाग के कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार/फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में विद्युत विभाग के कार्यों की बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि अपने-अपने लक्ष्य के अनुसार ससमय विद्युत के बकाया बिलों की वसूली करें, विद्युत विभाग की टीमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणकर अधिकाधिक वसूली करना सुनिश्चित करें, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्यों को सेक्टरवार, पंचायत सचिवों एवं के जे0ई0 वार बाटते हुए, वसूली करके लक्ष्य की पूर्ति करें, बिलों के भुगतान हेतु मीटर रीडरों के साथ पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे बकाया बिलों के भुगतान की वसूली आसानी से हो सके, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक्स0ई0एन0 जसराना के कार्यों की खराब प्रगति और लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर नाराजगी प्रकट करते हुए, चार्जशीट देने के निर्देश दिए, इसी तरह फिरोजाबाद एवं फरिहा के एक्स0ई0एन0 को खराब प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि कार्यों में सुधार लाए, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, जिला विकास अधिकारी, जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

### 14 मार्च को एका में लगेगा एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वावधान में दिनांक 14-05-2025 को प्रातः 10:00 बजे से खण्ड विकास कार्यालय, एका में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल १ड्ड्१२ल्लें.४स्र.ॅङ्ग५.ल्ल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फोटो/आई0डी0 व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बंद फैक्ट्री के परिसर में मिले दो शव

**तंत्र मंत्र की आशंका, मौके पर मिला नीबू, गिलास और लड्डू**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। जनपद में दो लोगों की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। दोनों के शव मजार के पास में मिले हैं। शव के पास पुलिस को दो गिलास एक नींबू और एक लड्डू रखा हुआ मिला है।

पूरा मामला थाना मक्खनपुर क्षेत्र का है।क्षेत्र में बने सैयद के पीछे बाउंड्री वॉल के भीतर दो लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 ने घटना की जानकारी आला अधिकारियों की दी। दो लोगों की हत्या की खबर सुनते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खबर के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदोरिया, सीओ सदर चंचल त्यागी और थाना मक्खनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक इन दोनों लोगों की पहचान पूरन कश्यप उम्र 45 वर्ष निवासी रहना थाना उत्तर और दूसरे व्यक्ति रामनाथ उम्र 55 वर्ष निवासी थाना एका क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूरन कश्यप तांत्रिक भगत के कार्य को करता था। पूरन और रामनाथ दोनों एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। रामनाथ 2 दिन पूर्व ही थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के म्योली स्थित अपनी ससुराल से पूरन के पास पहुंचे थे और कल दोपहर यह दोनों लोग पूरन के थाना उत्तर इलाके स्थित आवास से निकले थे। लेकिन रात को घर नहीं पहुंचे। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने दो लोगों के शव मजार के पास देखकर डायल 112 को सूचना दी मौके पर पहुंची डायल 112 ने घटना की सूचना थाना मक्खनपुर पुलिस को दी। थाना मक्खनपुर के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के मुताबिक जिस मजार के पास पूरन और रामनाथ के शव मिले हैं वहां दो गिलास एक कटा हुआ नींबू और एक लड्डू भी रखा हुआ मिला है घटनास्थल पर पानी के पाउच भी मिले हैं जिसमें दो पाउच खाली हैं और दो भरे हुए रखे थे। घटनास्थल पर हालातो को देखते हुए पूरन द्वारा तांत्रिक क्रिया करने का भी अंदेशा है और तंत्र क्रिया के बाद संभवत है कोई ऐसी वस्तु का सेवन दोनों द्वारा किया गया है जो कि विषैली हो सकती है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक रामनाथ और पूरन के बीच बहुत अच्छे संबंध थे और रामनाथ पैसों का लेनदेन पूरन के साथ किया करते थे। हालांकि इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदोरिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है अखिलेश भदोरिया का कहना है कि प्रथम दृष्टया दोनों लोगों की मौत का कारण विषैला पदार्थ है हालांकि दोनों के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। हालांकि इस संदर्भ में दोनों व्यक्तियों के परिजनों से भी जानकारी प्राप्त की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में 12 मई को निकाली जाएगी भगवान बुद्ध की शोभायात्रा: सुमन गौतम




नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार

फिरोजाबाद । शुक्रवार को शहर फिरोजाबाद में भगवान बुद्ध जयंती महोत्सव समिति द्वारा शहर में भगवान बुद्ध की शोभायात्रा निकालने को लेकर शुभम रेस्टोरेंट में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान जयंती अध्यक्ष सुमन गौतम ने बताया कि सम्यक सम्बुद्ध की त्रिविधि पावन 2569 वीं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शहर में 12 मई को भगवान बुद्ध की शोभायात्रा शहर में धूमधाम से निकाली । शोभायात्रा अचिंतानंद बुद्ध बिहार गौतम नगर हुमायूंपुर से 12 मार्च दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी तथा रत्नपुंज बुद्ध बिहार गौतम बुद्ध मार्ग नगला मिर्जा बड़ा पर धर्म सभा में परिवर्तित होगी । इस दौरान उन्होंने सर्व समाज के भगवान गौतम बुद्ध को मानने वाले लोगों को आमंत्रित किया तथा अधिक से अधिक संख्या में बढ़चढकर शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की वहीं इस दौरान शोभायात्रा टीम ने सभी को श्वेत वस्त्र पहनकर आने की अपील की । प्रेस वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष लता सिंह ,रेखा बौद्ध ,महासचिव चित्रा ज्वोहारी, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा सिंह ,निरीक्षक मंजू भारती , सचिव वर्षा गौतम, मीडिया प्रभारी ममता सिंह , सांस्कृतिक मंत्री सरला गौतम , रानी पार्षद , कार्यालय अधीक्षक संघमित्रा, झांकी निरीक्षक नीतू बौद्ध , राखी सागर ,सुनीता बौद्ध , प्रचार मंत्री सरोज बौद्ध , लालती बौद्ध , लक्ष्मी शाक्य , स्वीटी सिंह आदि मौजूद रहीं ।

## थाना मक्खनपुर पर हुआ परिवार परामर्श केन्द्र का उद्घाटन




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। अभियान फेस चार के तहत थाना मक्खनपुर पर परिवार परामर्श केन्द्र का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद द्वारा किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन जागृति के अन्तर्गत पारिवारिक विवादों को सुलझाने एवं उनके विधिक निस्तारण के लिए जनपद फिरोजाबाद के सर्किल शिकोहाबाद में थाना मक्खनपुर पर परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद द्वारा किया गया। पुलिस परामर्श केन्द्र में प्रत्येक रविवार को पारिवारिक मामलों की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक रूप से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक मक्खनपुर व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिष्टाचार भेंट में राम दरबार भेंट कर नगर की समस्याओं पर चर्चा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



शिकोहाबाद । नगर में नवागंतुक उपजिला अधिकारी डॉ. गजेंद्र पाल सिंह से शहर के प्रमुख समाजसेवियों राम प्रकाश गुप्ता (सचिव, शिवा पर्यावरण कृषि महिला उत्थान सेवा समिति) एवं राजेश गुप्ता (संस्थापक, कल्पतरु जीवन फाउंडेशन एवं अध्यक्ष, शिकोहाबाद उद्योग व्यापार मंडल) ने शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा उपजिलाधिकारी को श्रद्धाभाव के प्रतीक स्वरूप ह्लराम दरबारह्व तस्वीर भेंट की। भेंट के दौरान शहर की प्रमुख समस्याओं, नागरिक सुविधाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी डा.गजेंद्र पाल सिंह ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगरवासियों को नव नियुक्त उपजिलाधिकारी से सकारात्मक बदलाव की आशा है और समाजसेवियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शिकोहाबाद में विकास की गति को नई दिशा मिलेगी।

## जिलाधिकारी ने नगर पालिकाओं के कार्यों को दी मंजूरी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड ग्रांट एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क में प्राप्त अवशेष धनराशि से कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी गई, इस बैठक के दौरान नगर पालिका परिषद टूंडला एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के कार्यों को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से सात कार्यों में से जिलाधिकारी ने 6 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की । इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा दो प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से दो कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने दोनों कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, नगरपालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15 में वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट से प्राप्त धनराशि में पांच कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने चार कार्यों की स्वीकृति प्रदान की । जिलाधिकारी ने इस दौरान टूंडला के अधिशासी अधिकारी को सीवरेज निकासी निर्माण के कार्यदेश जारी होने के बाद भी कार्य न शुरू करने पर चार्जसीट देने के आदेश दिए, इसी तरह अधिशासी अधिकारी फरिया को निर्माण कार्यों के लंबित होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए, बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, नगर पालिका अध्यक्ष सिरसागंज एवं मक्खनपुर टूंडला एवं सभी अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

## अधिवक्तों ने नहीं किया न्यायिक कार्य, वादकारी रहे परेशान



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। अधिकारियों की कार्यशैली से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस दौरान कहा कि मंगलवार तक न्यायिक कार्य नहीं किया जाएगा। समस्याओं के निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। अधिवक्ताओं की बैठक बार हाल में हुई। अधिवक्ताओं ने कहा तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। कहा कि तहसील में कर्मचारियों द्वारा काश्तकारों का शोषण किया जा रहा है। वहीं कहा कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी ठीक नहीं है। कहा कि अधिवक्ताओं एवं आने वाले काश्तकारों का सम्मान नहीं किया जा रहा है। कहा कि अधिकारी न्यायिक कार्य तो करना चाहते हैं लेकिन अदालत के दौरान होने वाले निर्णयों को लेकर गंभीर नहीं है। दो हफ्ते पूर्व अदालत में हुए निर्णय के बाद अभी तक आदेशों को अपलोड नहीं किया गया है। कहा कि अगर समस्याओं को समाधान नहीं किया गया तो 13 मई को आगामी रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान सचिव बलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, उप सचिव शेर सिंह, ऑडीटर रवींद्र सिंह एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने लगाए भारत जिंदाबाद ,पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद और भारत जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैलाकर यहां के मुसलमानों को बदनाम करता है। पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म के आधार पर की गई हत्याओं की घटना से देश के मुसलमान नाराज हैं।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाकिस्तान से आने वाले आतंकी भारत में आतंक फैलाकर चले जाते हैं। इससे भारतीय मुसलमानों को कटघरे में खड़ा होना पड़ता है। उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर गर्व जताया। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि वे सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यदि देश को उनके खून की जरूरत पड़ी तो वे सीमा पर लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इस कायराना हरकत के लिए पाकिस्तान को सबक मिलना चाहिए।

## जन्मदिन का सामान लेकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ फिरोजाबाद । जनपद के थाना टूंडला क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीएससी छात्र की मौत हो गई। मृतक आशीष ओझा (19) अपने जन्मदिन का सामान लेकर घर लौट रहा था। नगला गोला के पास पीछे से आए एक ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई । गांव नागऊ निवासी संजू ओझा के इकलौते बेटे आशीष की मौत शुक्रवार को हुई। संजू राजा का ताल में स्वर्णकार का काम करते हैं। आशीष अपने जन्मदिन के लिए फिरोजाबाद से सामान खरीदकर शाम 5 बजे घर लौट रहा था। नगला गोला के पास ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दादा नत्थीलाल, बहन अनमोल और माता-पिता सदमे में हैं। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

# धूमधाम से मनायी गई महाराणा प्रताप की जयंती, चित्र पर किया माल्यार्पण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।








फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी कैंप कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप ने वीरता और पराक्रम के पर्याय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत देश में जन्मे देश पर बलिदान होने वाले महापुरुषों में से एक थे। जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए घास की रोटियां तक खाई। इस कार्यक्रम में अश्वनी भारद्वाज क्षेत्रीय मंत्री बृज क्षेत्र, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता, सचिन जैन, हनी जादौन, गौरव सिसोदिया, विष्णु तिवारी, राजन सिंह निषाद, गिरवर निषाद आदि लोग उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने ग्राम नियामतपुर नगला सिंघी, आनंदपुर जारखी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में हो रहे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सिरसागंज के महाराणा चौक पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर सिरसागंज नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुरुदत सिंह एवं वहां के संभ्रांतजनों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसी क्रम में करणी सेना में प्रदेश संयोजक नीरज सिंह चौहान ने कहा कि मुगल आक्रांत अकबर भी महाराणा प्रताप से डरता था उसको भी कई बार भागना पड़ा था।

इस दौरान भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र के सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, विकास सिसोदिया, अमित सिसोदिया, विक्रम प्रताप सिंह, दीपक सिसोदिया, संकी राणा, राजीव मल्होत्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# नवनियुक्त सिपाहियों को 1 से 30 जून तक ज्वाइन कर लेने का आदेश

## केंद्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती)के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।** राज्य में नए बहाल हुए 21हजार 391सिपाहियों को इस वर्ष 1 से 30 जून के बीच ज्वाइन करने की मोहलत दी गई है।इन्हें योगदान के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपने साथ लाने के लिए कहा गया है।सभी सफल अभ्यर्थियों को उनके आवंटित इकाई में नियुक्त प्राधिकार के समक्ष योगदान करने के लिए कहा गया है।यह जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने कहा कि 9 मई को सिपाही बहाली से संबंधित अंतिम




रिजल्ट एवं सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।अभ्यर्थी इसे पर्षद की वेबसाइट पर देख सकते हैं।अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती)की तरफ से सिपाही के 21हजार 391पदों पर चयन के लिए 2023 में बहाली की विज्ञापन निकाला गया था।इसकी लिखित परीक्षा अगस्त 2024 में छह चरणों में आयोजित की गई।इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) का आयोजन 9 दिसंबर 2024 से 10 मार्च 2025 तक पटना में किया गया। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद 17 लाख 87 हजार 720 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया,जिसमें 11लाख 95 हजार 101अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए। इसमें सफल हुए 1 लाख 7 हजार 79अभ्यर्थियों को पीईटी के लिए चयनित किया गया,जिसमें 86 हजार 539 अभ्यर्थी शामिल हुए।शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर 21 हजार 391अभ्यर्थियों का चयन अंतिम रूप से किया गया।इसमें 10 हजार 205 पुरुष,11 हजार 178 महिला और 8 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं।इसमें 30 बिहार राज्य में नामांकित एवं प्रशिक्षित गृहरक्षक और 68 स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित शामिल हैं।कोटिवार आरक्षण के आधार पर गैर आरक्षित वर्ग के 8 हजार 556,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 2 हजार 140,पिछड़ा वर्ग के 2 हजार 570,अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 3 हजार 842,अनुसूचित जाति के 3 हजार 400,अनुसूचित जनजाति के 228 और पिछड़े वर्ग की महिला कोटि के 655 अभ्यर्थी शामिल हैं।चयनित हुए अभ्यर्थियों में 19 हजार 958 का चयन बिहार पुलिस और 1हजार 433 अभ्यर्थियों का चयन बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के लिए किया गया है।

# राजस्व कर्मचारियों को हड़ताल समाप्त करने का विभाग का निर्देश

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी डीएम को जारी किया पत्र

**पटना(बिहार)।**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के डीएम के लिये पत्र जारी किया है।इसमें कहा गया है कि कई जिलों के राजस्व कर्मचारियों



द्वारा हड़ताल किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है।अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी समाहर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कहा गया है कि जिन जिलों में राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं,वहां संबंधित डीएम कर्मियों को बुलाकर उनसे वार्ता करें और हड़ताल तोड़ने के लिए कहें।अगर इसके बाद भी कर्मी नहीं मानते हैं,तो इनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाए।

इन कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विभागीय मुख्यालय को भी जल्द भेजा जाए।अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के स्तर से जारी इस पत्र में स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया गया है कि किसी जिले में राजस्व कर्मी अकस्मात हड़ताल पर नहीं जायें,इससे सरकार के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम बाधित हो रहे हैं।इसमें यह भी कहा गया है कि राजस्व कर्मियों के एक गुट ने राज्य मुख्यालय में अपनी सेवा संबंधित समस्याओं एवं मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया था।इस पर विभाग के स्तर से गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है।उनकी प्रमुख मांगे ऐसी हैं,जिनका निर्णय वित्त विभाग की सहमति एवं राज्य सरकार का अनुमोदन के पश्चात ही लिया जा सकता है।इनमें राजस्व विभाग के स्तर से निर्णय नहीं लिया जा सकता है।इसके मद्देनजर इन बिन्दुओं पर निर्णय होने में समय लगने की संभावना है।इस विभागीय आदेश के अनुसार,औपचारिक रूप से किसी भी जिले से कर्मियों के हड़ताल पर जाने से संबंधित कोई भी सूचना आधिकारी तौर पर प्राप्त नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे के अंदर 62 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी:एसपी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**पुलिस अधीक्षक,नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं,अनुसूचित जाति/जनजाति में 01,आर्म्स एक्ट में 01,एनडीपीएस एक्ट में 01,मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 45 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई।शराब की बरामदगी अन्तर्गत 344 लीटर महुआ शराब एवं 3.05 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।वारंट के निष्पादन की संख्या-22 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 712 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 04 लाख 71हजार 500 रूपया वसूला गया है।अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत स्कॉर्पियो 01एवं मोटरसाईकिल 03 बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक,नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# मुख्यमंत्री ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप को किया नमन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन फ्रेजर रोड स्थित महान शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल परिसर में किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा,बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव,जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी,परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी,विधान पार्षद संजय सिंह,विधायक संजीव चौरसिया,पूर्व विधायक अशोक सिंह,बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार,जदयू नेता ओमप्रकाश सेतु सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण,गणमान्य व्यक्तियों,



सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन,भजन-कीर्तन,बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन किया गया।

## एन्टी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स की धौलपुर में कार्रवाई

# 3 अवैध हथियार, 35 जिन्दा कारतूस सहित एक बदमाश को पकड़ा

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**जयपुर(राजस्थान)।**एन्टी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स की टीम ने गुरुवार को धौलपुर जिले के थाना राजाखेडा क्षेत्र में डीएसटी टीम धौलपुर के सहयोग से बडी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 03 अवैध हथियार एवं 35 जिन्दा कारतूस के साथ एक बदमाश माधव सिंह ठाकुर पुत्र रामदास 32 निवासी घड़ी करीलपुर थाना राजाखेड़ा को गिरफ्तार किया गया है।इसके पांच साथी बदमाश उबर खाबड़ जमीन व जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गये,जिनकी तलाश की जा रही है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान में सक्रिय आपराधिक गैंग व गैंगस्टरों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहे हैं।इसी क्रम में डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्वान्त शर्मा व डीएसपी फूल चन्द टेलर के समन्वय तथा एएसआई शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अरूण कुमार,कांस्टेबल बृजेश शर्मा व श्रवण कुमार को भरतपुर रेंज की तरफ आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था।आज सूचना संकलन के दौरान गुरुवार को टीम को सूचना प्राप्त हुई कि धौलपुर जिले के राजाखेडा थाना क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध हथियारों सहित किसी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराफ में हैं।सूचना पर एजीटीएफ एसपी धौलपुर सुमित मेहरडा के निर्देश पर डीएसटी टीम को लेकर थाना राजाखेडा क्षेत्र के गांव सदापुर के बीहडों में पहुंची।

एडीजी एमएन ने बताया कि पुलिस टीम की टुकडियां बनाकर बदमाशों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया गया। जिसमे बीहड के घने क्षेत्र में बनी झोंपडी को घेरने पर अंदर बैठे पांच-छः बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायर किये।जवाबी



कार्रवाई देखकर बदमाश घने बीहड में भाग गये।पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते भागते हुये बदमाशों का पीछा कर एक बदमाश माधव सिंह को पकड लिया।बाकी लोग घने बीहड का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गये।

जिसकी तलाशी में एक 12 बोर दुनाली बन्दूक,पेन्ट की दायी आंट मे से एक कटटा 315 बोर व कमर मे एक कारतूसो का पटटा बंधा हुआ मिला,पट्टे में कुल 23 कारतूस जिन्दा 12 बोर के मिले।बदमाश को लेकर झोपड़ी पहुंची पुलिस टीम ने झौपडी की तलाशी ली तो अन्दर रखी चारपाई पर रखे तकिये के नीचे से एक देशी कट्टा 315 बोर व 07 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 05 जिन्दा कारतूस 7.65 के.एफ.के रखे मिले।पकड़े गए बदमाश माधव सिंह ने पूछताछ में भागने वाले चार बदमाशों का नाम रामदत्त उर्फ सोनू ठाकुर पुत्र तेजपाल उर्फ तेजा निवासी वसई घीयाराम थाना राजाखेडा, थान सिहं पुत्र कल्यान सिंह ठाकुर, श्यामपाल पुत्र टीकमसिहं ठाकुर एवं विष्णु उर्फ बिट्टू पुत्र मातादीन ठाकुर निवासी सदापुर थाना राजाखेडा बताया।

पांचवे को इसने रामदत्त उर्फ सोनू का दोस्त बताया जो हरियाणा का रहने वाला है।आरोपी बदमाश ने पूछताछ में पुलिस को यह भी बताया कि उक्त हथियार रामदत्त उर्फ सोनू का दोस्त हरियाणा से लेकर आया था। कुछ हथियार रामदत्त उर्फ सोनू व उसका दोस्त थानसिंह,श्यामपाल,विष्णु उर्फ विटु तथा रामदत्त के दोस्त के पास है।पकड़े जाने से पहले बदमाश माधव सिंह ने भागते समय अपनी 12 बोर दुनाली से फायर किया था जिसमें डीएसटी के कांस्टेबल भागीरथ व गजेंद्र बाल बाल बच गए।

एजीटीएफ टीम में एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, हैड कांस्टेबल अरूण कुमार,कांस्टेबल बृजेश शर्मा एवं श्रवण की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका रही।


## खेल समाचार


## संक्षिप्त समाचार

### उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**ताइपे (भाषा)** युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मार्स्टस 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी।

### दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरूआत, संयुक्त 19वें स्थान पर





**सोल (भाषा)** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की।
दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं।
प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं जिससे वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर बनी हुई हैं।
भारत की दो अन्य गोल्फर त्वेसा मलिक (79) और अवनि प्रशांत (79) संयुक्त 86वें स्थान पर बनी हुई हैं जिससे उन्हें कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर में अच्छा कार्ड खेलना होगा।

# भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने लीग के निलंबन की पुष्टि करते हुए पीटीआई से कहा, ''यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चलता रहे।'' लीग का समापन 25 मई को कोलकाता में होना था। भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे।

हवाई हमले के अलार्म और जम्मू में विस्फोट




जैसी आवाजों की खबरों के बीच गुरुवार को पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर, मोहाली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित भारत के कई जिलों में ब्लैकआउट लागू कर दिया गया।

इससे पहले दिन में, लाहौर और रावलपिंडी सहित अन्य शहरों में भारतीय ड्रोन हमलों के बाद पाकिस्तान सुपर लीग को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया था। लीग सूत्रों के अनुसार, सैन्य टकराव ने विदेशी खिलाड़ियों में काफी चिंता पैदा कर दी है और वे अगले कुछ दिनों में वापस लौट आएंगे। पिछले साल मेगा नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी ने 62 विदेशी खिलाड़ियों को अनुबंधित किया था।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ी फिलहाल सड़क मार्ग से धर्मशाला से राष्ट्रीय राजधानी आ रहे हैं। आईपीएल में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जॉइंट्स के बीच मैच खेला जाना था। आईपीएल में अभी 12 लीग मैच तथा कोलकाता में होने वाले फाइनल सहित चार नॉकआउट मैच खेले जाने बाकी थे।

# इटालियन ओपन: अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया



**रोम (एपी)** कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं।

मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे।

सिनर और अल्काराज ड्रॉ के अलग-अलग वर्ग में है। सिनर का पहला मुकाबला शनिवार को 99वीं रैंकिंग वाली मारियानो नवोन से होगा। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरिना सबालेंका ने महिलाओं के टूर्नामेंट में अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।

# भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल





**तोक्यो (भाषा)** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया।

एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है।

चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है।

इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गये।

अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे सेमीफाइनल में

**शंघाई भाषा)** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई। मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।



वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया।

महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

नई दिल्ली, रविवार 10 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




''उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है। आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश रूकावट नहीं, बल्कि भारत का 'ग्रोथ इंजन' है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश के 'एक लाख करोड़ डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार करेंगे।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित आवास पर आए हुए आगंतुओं से भेंट की।





## पठानकोट, चंडीगढ़ और कश्मीर की सीमा से लगे हिमाचल के इलाकों में 'हाई अलर्ट' के निर्देश

**शिमला,** (भाषा) हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ और पंजाब के पठानकोट की सीमा से लगे राज्य के इलाकों में 'हाई अलर्ट' जारी किया गया है। साथ ही जिला प्रशासन को हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन बजने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुक्खू ने यहां अधिकारियों और जिला प्रमुखों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, ''घबराने की कोई बात नहीं है लेकिन हमें अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी को केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देशों का पालन करना होगा।

यहां जारी एक बयान में कहा गया कि सुक्खू ने अधिकारियों को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर सतर्क रहने को कहा। उन्होंने सभी उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) से उनके संबंधित जिलों की मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को धार्मिक स्थलों, हवाई अड्डों, बांधों और पुलों सहित महत्वपूर्ण



प्रतिष्ठानों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र सरकार की सलाह के अनुसार नियमित रूप से 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

सुक्खू ने भारतीय सशस्त्र बलों और केंद्र सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा, ''हमें अपने बहादुर जवानों और देश की सुरक्षा में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई पर गर्व है।''

यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोगों की सहायता करने और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यालय समेत नियंत्रण कक्ष खुले रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से सिर्फ आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जम्मू कश्मीर में वर्तमान में अध्ययन कर रहे लगभग 103 छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने मुख्य सचिव से छात्रों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

नूरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक रतन ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचने और ऐसा कोई बयान पोस्ट न करने का आग्रह किया है जिससे शांति और सद्भाव भंग हो। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि पंजाब और जम्मू कश्मीर के लिए कई बस मार्ग बंद कर दिए गए हैं। हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने कटरा, पठानकोट, अमृतसर और जालंधर की ओर जाने वाली बसों को अगले आदेश तक रोक दिया है।

## राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग नोएडा के अधिकारियों ने उद्यमियों की संस्था के साथ जागरूकता अभियान की सभा की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

माननीय मुख्यमन्त्री जी उत्तर प्रदेश सरकार की इच्छा के अनुरूप एवं अपर आयुक्त राज्य कर जिला गौतमबुद्धनगर श्री संदीप भागिया जी के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 9 मई को एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के सेक्टर 10 स्थित कार्यालय के सभागार में SGST विभाग के खण्ड 7 के उपायुक्त श्री कृपाल अग्निहोत्री एवम् SGST खण्ड 7 की सहायक आयुक्त श्री मती अनुज्ञा मिश्र ने उद्योगपतियों की संस्था एम एस एम ई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के दर्जनों उद्यमी सदस्यों के साथ मीटिंग कर पंजीकृत उद्यमी एवम् व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे निल रिटर्न, रिटर्न भरने में किए जा रहे विलम्ब, खरीद कीमत से कम कीमत में माल की बिक्री दर्शाए जाने, बहुत कम टर्नओवर दर्शाने जैसे मुद्दों को उजागर करते हुए उपस्थित उद्यमियों व्यापारियों को निवेदन किया कि ऐसे पंजीकृत



उद्यमियों व्यापारियों जो अनियमितता, कर जमा देने में विलम्ब, कर चोरी आदि किए जाने वाले कार्यों को रोकने हेतु सन्देश पहुंचाने का काम करे ताकि विभाग द्वारा उनके खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही से बचा जा सके अन्यथा विभाग अभियान चला कर, कर चोरी करने वालों को पकड़ने का काम करेगा ! उपायुक्त श्री कृपाल अग्निहोत्री जी ने सभी मुद्दों पर विस्तार से बताते हुए बकायदा विभाग द्वारा उपरोक्त अनियमितता, कर जमा देने में विलम्ब एवम् चोरी आदि गड़बड़िया करने वालों को चिन्हित कर कड़ी करवाही किए जाने की विभागीय कार्यवाही की और इशारा किया ! एम एस एम ई संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने सभी उपस्थित उद्यमियों को राय मशविरा देते हुए ऐसे उद्यमियों को चेताने हेतु संदेश दिया कि उद्योग एवम् व्यापार में कोई ऐसा काम ना करे जिसमे सरकारी राजस्व की चोरी होती हो, राजस्व जमा देने में विलम्ब ना करे ! ऐसा करने से अर्थ दण्ड, ब्याज एवम् व्यापार में अनेक बढ़ाए उत्पन होती रहेगी ! नाहटा ने विभाग के ऐसी मीटिंग करने के लिए धन्यवाद देते हुए उनसे ऐसे उद्यमियों व्यापारियों की सूची मांगी ताकि उनकी परेशानियों को समझ कर उनकी मदद या सही रास्ता भी दिखाया जा सके !

कर सम्बंधी विशेष जानकारियों वाली मीटिंग में 50 से ज्यादा उद्यमी, कर स्लाहकारों आदि ने भाग लिया जिसमे एमएसएमई संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, हाजी अनवर, कोषाध्यक्ष रमेश राठौर, उपाध्यक्ष समीर सेठ, सीए आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष गुरिंदर जीत सिंह भिंडर, भूपेंद्र सेलाकुटी, गणेश बिस्ट, शिव पंडित, आकांक्षा चुग, नीरज, वीरेंद्र सिंह, आर्यन पूरी, दिलशाद अहमद, नसीम खान, जब्बार खान, अफसर अली, नईम खान, आबिद अली, गुल मोहम्मद पूरी,, दिलीप मिश्रा, राम तीरथ, उमेश सिंह, प्रशांत कुमार, सुशील राणा आदि ने भाग लिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के पूर्व अधिकारियों से बात की

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इनमें सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा देश की सेवा कर चुके अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चर्चा मौजूदा स्थिति पर केंद्रित थी। पूर्व सैनिक समुदाय ने 22 अप्रैल को पहलगाम में पड़ोसी देश से जुड़े आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, की गोली मारकर हत्या के बाद पाकिस्तान के प्रति सरकार की सख्त प्रतिक्रिया की आमतौर पर सराहना की है। भारतीय प्रतिष्ठानों को 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों का सशस्त्र बलों द्वारा आनुपातिक और पर्याप्त रूप से जवाब दिए जाने के साथ ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष तीव्र हो गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

## हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं: अमेरिका में भारतीय राजदूत क्वात्रा

**न्यूयॉर्क,** (भाषा) अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा है कि भारत आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में है और इन 'नीचों, अमानवीय राक्षसों' को जवाबदेह ठहराकर पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी देश किसी भी हालत में इन आतंकवादियों को खुली छूट नहीं दे सकता।

क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा, ''बाईस अप्रैल की घटना सर्वाधिक जघन्य आतंकवादी घटना थी। यह कोई नहीं कह सकता कि इन आतंकवादियों को ऐसे ही जाने देना चाहिए, और हमने परसों यही किया, उन्हें जवाबदेह ठहराया, उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया।''

यह साक्षात्कार ऐसे समय में हुआ है जब भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कूटनीतिक आक्रामकता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, ''हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं और जैसा कि मैंने कहा, हम पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे और उन्हें (आतंकियों को)



जवाबदेह ठहराएंगे।''

क्वात्रा ने कहा, ''इसमें हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य इन नीच, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।''

भारत ने छह और सात मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ स्थानों पर आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए।

पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों द्वारा 26 नागरिकों की हत्या किए जाने के तथ्य को रेखांकित करते हुए क्वात्रा ने कहा, ''किसी भी दुनिया में आप ऐसे आतंकवादियों को ऐसे नहीं जाने देंगे। और यही हमने परसों किया।''

उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही नपी-तुली, संतुलित रही है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों, सीनेटरों से लेकर पूरी दुनिया तक, सभी इस बात को मानते हैं कि भारत को इन आतंकवादियों के खिलाफ जवाब देना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए।

क्वात्रा ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों ने एक नेपाली नागरिक सहित 26 नागरिकों की क्रूर, अमानवीय, राक्षसी तरीके से हत्या की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर ''सभी गैर-मुस्लिमों'' की पहचान की और उन्हें मार डाला।

क्वात्रा ने कहा, ''इसलिए हमने परसों जो किया, वह अनिवार्य रूप से आतंकवाद के प्रति हमारी प्रतिक्रिया थी।''

कश्मीर में सुनाई देने वाले विस्फोटों पर एक सवाल का जवाब देते हुए क्वात्रा ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय फिर से उनके साथ खड़े होने का फैसला किया है।

## अयोध्या में संत रविदास मंदिर के सत्संग भवन का मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे उद्घाटन

अयोध्या (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां सवा करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित संत रविदास सत्संग भवन का उद्घाटन करेंगे। शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक अयोध्या धाम के हनुमानकुंड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में इस सत्संग भवन का निर्माण पर्यटन विभाग के सहयोग से 'यूपीपीसीएल ने किया है। इस आधुनिक सत्संग भवन में 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो श्रद्धालुओं को सत्संग और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर दो बजे तक अयोध्या के राम कथा पार्क हेलीपैड पर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करेंगे और इसके बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसके पश्चात वह संत रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास जी की पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान वह गुरु रविदास और डॉ. बी आर आंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे।

## भारत-पाकिस्तान तनाव : सऊदी अरब के उप विदेश मंत्री अघोषित यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

नयी दिल्ली, (भाषा) सऊदी अरब के उप विदेश मंत्री आदिल अल-जुबैर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के प्रयासों के तहत भारत के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

ऐसा माना जा रहा है कि नयी दिल्ली की अघोषित यात्रा पर आये अल-जुबैर सऊदी नेतृत्व का संदेश लेकर आए हैं।

सऊदी मंत्री ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत की और बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर भारत के सैन्य हमलों के बाद विकसित घटनाक्रम पर चर्चा की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह सऊदी अरब के उप विदेश मंत्री आदिल अल-जुबैर के साथ अच्छी बैठक हुई।'' उन्होंने कहा, ''आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने पर भारत के दृष्टिकोण को साझा किया।'' भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी कल आधी रात के आसपास पहले से निर्धारित यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे।



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकी संगठन का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना मुरीदके शामिल हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और इसकी साजिश रचने वालों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए नपा-तुला हमला करने का फैसला किया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 'कोई ठोस कदम' नहीं उठाया गया।

## गोवा चर्च ने पोप लियो चौदहवें के निर्वाचन पर खुशी व्यक्त की, शुभकामनाएं दीं

पणजी, (भाषा) गोवा और दमन के आर्चबिशप फिलिप नेरी कार्डिनल फेराओ और सहायक बिशप सिमियाओ फर्नांडीस ने पोप लियो चौदहवें के निर्वाचन पर खुशी व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

फेराओ उस सम्मेलन में भाग लेने वाले कार्डिनल में से एक थे, जिसमें रॉबर्ट प्रीवोस्ट को पोप चुना गया। प्रीवोस्ट कैथोलिक चर्च के इतिहास में पोप चुने गए पहले अमेरिकी हैं। ऑगस्टीनियन धार्मिक परंपरा के 69 वर्षीय सदस्य रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने अपना जीवन पेरू में सेवा करते हुए बिताया है। उन्होंने अपना नाम लियो चौदहवां रखा है। उन्होंने पोप फ्रांसिस की जगह ली है, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। फेराओ ने एक बयान में कहा, ''पोप ने अपने पहले संबोधन में लोगों को शांति और वार्ता के लिए आमंत्रित किया तथा ईश्वर के प्रेम को बिना किसी भय के सभी के साथ साझा किया। हम उनके प्रति अपना निष्ठापूर्ण समर्थन प्रकट करते हैं।'

इससे पूर्व, ओल्ड गोवा में सेंट जोसेफ वाज़ रिन्यूअल सेंटर के निदेशक फादर हेनरी फाल्काओ ने कहा कि चर्च नए पोप का इंतजार कर रहा था।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कांग्रेस ने निकाली देश भर में 'जयहिंद यात्रा', सशस्त्र बलों के पक्ष में एकजुटता प्रकट की

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारत-पाकिस्तान में सैन्य संघर्ष के बीच शुक्रवार को विभिन्न राज्यों में सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए 'जय हिंद यात्रा' निकाली।

इस यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारतीय सेना जिंदाबाद', 'भारत माता की जय', 'हमारे सैनिक, हमारा गौरव हैं' और 'जय हिंद' के नारे लगाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि हिंदुस्तान के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को ललकारने वालों को पहले भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा तथा निर्दोष लोगों की हत्या करने वालों की कीमत चुकानी होगी।

नई दिल्ली में यह यात्रा जंतर-मतर से शुरू हुई और इसका समापन युवा कांग्रेस के मुख्यालय के निकट हुआ। इसमें कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी महासचिव सचिन पायलट, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रभारी काजी निजामुद्दीन और कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, असम, बिहार, झारखंड, गुजरात और अन्य राज्यों



की प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 'जयहिंद यात्रा' निकाली और भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य का बखान किया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी ने हिंदुस्तान के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को ललकारा है, हमने उसे मुंहतोड़ जवाब दिया है। जब इस मिट्टी की रक्षा के लिए अपने खून का एक-एक कतरा कुर्बान करने का जज्बा लिए हमारे जवान हुंकार भरते हैं, तो दुश्मन का कलेजा मुंह को आ जाता है।'' उन्होंने कहा, ''एक बार फिर हमें ललकारा गया है, हमारी सहनशीलता और धैर्य की परीक्षा ली गई है। दहशतगर्दों ने हमारे निर्दोष लोगों की बेरहमी से जान ले ली, उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही पड़ेगी।''

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने संवाददाताओं से कहा, ''अपना सर्वस्व समर्पित कर भारत की जल, थल और वायु सेना लगातार शौर्य और पराक्रम में नए मानक स्थापित करती जा रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से देने के लिए, पाकिस्तान की नाक में नकेल डालने के लिए और उसके नापाक मंसूबों को नेस्तेनाबूद करने के लिए भारत की सेना की जितनी तारीफ की जाए, वो कम है।'' उनके अनुसार, 1971 में जब पाकिस्तान की नापाक नजर भारत के तिरंगे और सरजमीं पर पड़ी थी, तो उस तिरंगे को बचाने के लिए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए गए थे और पाकिस्तान को ऐसा जख्म दिया, जिसका मरहम पाकिस्तान आज तक नहीं खोज पाया है। रागिनी ने इस बात पर जोर दिया, ''जब तिरंगे पर बात आती है, तो हर भारतीय एक हो जाता है। 15 अगस्त और 26 जनवरी को इसी तिरंगे के नीचे खड़े होकर हर भारतीय 'जय हिंद' का नारा लगाता है। कांग्रेस ने ये साफ कर दिया है कि ये दलगत राजनीति का समय नहीं है।''

भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में बीते बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सर्वदलीय बैठक में कहा था कि इस कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए।

भारत ने बृहस्पतिवार रात पाकिस्तान की तरफ से किए गए ड्रोन हमलों को विफल कर दिया।

## मुरली नाइक ने देश के लिए लड़ते हुए प्राण दिया पर हमें बेसहारा छोड़ गया: जवान के पिता ने कहा

**कल्ली थांडा** (आंध्र प्रदेश), (भाषा) ''मुदवथ मुरली नाइक हमारा इकलौता बेटा था और उसने देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राण गंवा दिये, लेकिन हमें बेसहारा छोड़ गया।'' आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में रहने वाले उनके पिता श्रीराम नाइक शुक्रवार को यह कहते हुए बिलख पड़े।

उन्होंने कहा कि वह यह निर्णय देश पर छोड़ते हैं कि वह उनके परिवार को क्या सहायता प्रदान करेगा। गोरंटला मंडल के कल्ली थांडा गांव निवासी नाइक 'अग्निवीर योजना' के तहत सेना में भर्ती हुए थे।

उनके पिता ने भारतीय सेना द्वारा दी गई हृदय विदारक खबर का जिक्र करते हुए कहा, ''मुरली नाइक शुक्रवार तड़के जम्मू-कश्मीर में गोलीबारी के दौरान शहीद हो गया।''

श्रीराम नाइक ने एक स्थानीय समाचार चैनल से कहा, ''मेरा बेटा देश के लिए मर गया। उसने देश के लिए लड़ाई लड़ी। हमें दुख इस बात का है कि मेरा एक ही बेटा है। हम उस पर निर्भर थे और हमारा सहारा चला गया। अब हम बेसहारा हो गए हैं, मेरी पत्नी और मैं। जो भी समाधान हो, मैं इसे देश पर छोड़ता हूं। जो भी निर्णय होगा, वह देश को ही लेना है।''

श्रीराम नाइक के अनुसार, उनकी पत्नी ज्योति बाई के पास आज सुबह नौ बजे सेना के एक अधिकारी का फोन आया, जिसने हिंदी में बात की और मुरली नाइक के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा।

श्रीराम नाइक ने सूचना मिलने के घटनाक्रम के बारे में बताते हुए कहा, ''उस अधिकारी ने हमसे पूछा कि मुरली नाइक कौन है। मेरी पत्नी ने कहा कि मुरली मेरा बेटा है। उन्होंने मेरी पत्नी से कहा कि फोन अपने पति को दे दीजिए। उन्होंने हिंदी में बात की।'' श्रीराम नाइक ने कहा कि वह (मुरली नाइक) नवंबर 2022 में अग्निवीर के तौर पर सेना में शामिल हुआ था और महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण लिया था।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 23 वर्षीय नाइक भारतीय सेना की उत्तरी कमान की 851 लाइट रेजिमेंट से जुड़े थे। नाइक ने आखिरी बार छह से 20 जनवरी, 2025 के बीच 15 दिनों की छुट्टी ली थी और शुक्रवार को युद्ध में उनकी मौत हो गई।

प्रशिक्षण के बाद नाइक को असम में तैनात किया गया, जहां उन्होंने एक साल तक काम किया और बाद में छह महीने के लिए उसे जम्मू स्थानांतरित कर दिया गया।

श्रीराम नाइक ने कहा कि जनवरी में 15 दिन की छुट्टी के बाद वह ड्यूटी पर वापस चला गया और अंततः लड़ाई में मारा गया। शहीद सैनिक की मां ने याद किया कि उनके बेटे ने सात मई को उन्हें फोन किया था और उनकी खैरियत पूछने के साथ यह भी पूछा था कि उन्होंने खाना खाया है या नहीं। इस बीच एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य हथकरघा मंत्री एस सविता ने कल्ली थांडा गांव में शहीद सैनिक के परिवार से मुलाकात की और उन्हें पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता सौंपी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।